


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र



इस खेल में निरंतरता के साथ प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है : जायसवाल -पेज: 7

फातिमा सना शेख ने आर माधवन को बताया पसंदीदा को-स्टार -पेज: 8

वर्ष: 01 | अंक: 116 | सोमवार 04 अगस्त 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए

## भजनलाल शर्मा के दिल्ली दौरे के सियासी मायने: क्या राजस्थान बीजेपी में बड़ा बदलाव होने वाला

**नई दिल्ली (एजेंसी):** जब मुख्यमंत्री की उड़ानें बार-बार दिल्ली की ओर हों, तो सिर्फ मौसम नहीं, राजनीति भी बदलती है।" राजस्थान की राजनीति में इस वक्त कुछ हलचल सी है। बीते एक हफ्ते में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दूसरी बार दिल्ली पहुंचे। पहली बार इसे सामान्य प्रशासनिक दौरा माना गया, लेकिन इस बार उनके साथ जो नाम जुड़े पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, हरदीप पुरी और जिस समय ये दौरे हो रहे हैं, उसने सवाल खड़े कर दिए हैं। 2 अगस्त को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे कुछ ही दिन पहले वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिले थे। एक सप्ताह में यह उनका दूसरा दिल्ली दौरा था। इस समयावधि में की गई इन उच्चस्तरीय बैठकों ने राजस्थान की सियासी गलियों में चचाओं को जन्म दे दिया है। यह माना जा रहा है कि इन बैठकों का एजेंडा केवल विकास योजनाएं नहीं, बल्कि राजनीतिक नियुक्तियां, पंचायत और निकाय

**राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले एक हफ्ते में दो बार दिल्ली जा चुके हैं। उन्होंने पीएम मोदी, अमित शाह और हरदीप पुरी से मुलाकात की है। इन दौरों को राजस्थान में राजनीतिक नियुक्तियों, रिफाइनरी प्रोजेक्ट और पंचायत चुनावों की तैयारियों से जोड़ा...**



चुनावों की रणनीति और संभावित कैबिनेट विस्तार भी है। मुख्यमंत्री शर्मा की दिल्ली यात्रा केवल सियासत तक सीमित नहीं रही। उन्होंने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भी मुलाकात की, जिसमें राजस्थान की बहुप्रतीक्षित पचपदरा रिफाइनरी पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्य सरकार इस प्रोजेक्ट को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इसके उद्घाटन के लिए राजस्थान आ सकते हैं। इससे यह साफ है कि यह दौरा आर्थिक परियोजनाओं की रफ्तार तय करने वाला भी है। भजनलाल शर्मा की ये सक्रियता ऐसे समय में दिख रही है, जब प्रदेश में कई आयोगों और बोर्डों के पद लंबे समय से खाली हैं। दिलचस्प रूप से, उनके इस दौरे से ठीक एक दिन पहले बीजेपी के वरिष्ठ नेता अरुण चतुर्वेदी को राजस्थान के वित्त आयोग में डेढ़ साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया। इसके बाद अटकलें तेज हो गई हैं कि मुख्यमंत्री अब शेष नियुक्तियों को लेकर पार्टी नेतृत्व से चर्चा कर रहे हैं। इनमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को समायोजित किया जा सकता है। 28 जुलाई को भी भजनलाल शर्मा दिल्ली में थे और उसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने संसद भवन में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। इन दोनों नेताओं का दिल्ली में एक ही समय पर होना, और फिर कुछ ही दिनों बाद मुख्यमंत्री का फिर से राजधानी पहुंचना, कई राजनीतिक संदेश देता है। इससे पहले भी वसुंधरा राजे और भजनलाल शर्मा के दिल्ली दौरे एक साथ हो चुके हैं, जिससे यह सवाल बार-बार उठ रहा है। क्या राजस्थान बीजेपी में कोई बड़ा फेरबदल होने वाला है? "राजस्थान की राजनीति की गाड़ी दिल्ली की पटरियों पर सरक रही है..." मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की हालिया दिल्ली यात्राएं महज शिष्टाचार भेंट नहीं थीं। इन दौरों के पीछे विकास की योजनाएं हैं, लेकिन साथ ही एक गहरा राजनीतिक स्क्रिप्ट भी चल रहा है। राजनीतिक नियुक्तियों से लेकर पंचायत चुनावों की रणनीति, और रिफाइनरी जैसी बड़ी परियोजनाएं सब कुछ एक बहुआयामी प्लान का हिस्सा लग रहा है। अब देखना यह है कि इन यात्राओं के बाद राजस्थान की राजनीति किस करवट बैठती हैऔर क्या भाजपा के भीतर नई पावर डायनैमिक्स आकार ले रही हैं।

## नितिन गडकरी के आवास को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**नागपुर (एजेंसी):** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के तुरंत बाद पुलिस ने एक्शन लिया। इस मामले में धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शख्स ने फर्जी कॉल की थी। अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को कॉल कर दी धमकी जानकारी के अनुसार, आरोपी ने रविवार सुबह पुलिस कंट्रोल के 112 नंबर पर केंद्रीय मंत्री के आवास को उड़ाने की धमकी दी। इस कॉल के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। तुरंत मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी की तलाश में जुट गई। इसके बाद पुलिस ने दोपहर के वक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए शख्स की पहचान तुलसी बाग रोड निवासी उमेश विष्णु राउत के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी को नागपुर के बीमा दवाखाना के पास से गिरफ्तार किया गया है। धमकी देने के पीछे की वजह तलाशने की कोशिश जारी बता दें कि गिरफ्तार किए शख्स से पुलिस पूछताछ करेगी। पुलिस के अनुसार, राउत कथित तौर पर एक देशी शराब की दुकान पर काम करता है।

## महाराष्ट्र सरकार राज्य से मराठी भाषा को खत्म करने की कोशिश कर रही है: उद्धव ठाकरे

**महाराष्ट्र (एजेंसी):** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महाराष्ट्र सरकार पर राज्य से मराठी को खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। ठाकरे ने इसके साथ ही भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे मंत्रियों को बर्खास्त नहीं करने के लिए देवेंद्र फडणवीस को असहाय मुख्यमंत्री करार दिया। मुंबई के बांद्रा स्थित अपने आवास मातोश्री में ठाकरे ने कहा कि हालांकि विपक्ष ने मंत्रियों के भ्रष्टाचार का सबूत दिया था, लेकिन उन्हें केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। ठाकरे के आवास मातोश्री में शेतकरी क्रांति संगठन का शिवसेना (उबाठा) में विलय हुआ। ठाकरे ने कहा, मैंने पहले कभी इतना असहाय



मुख्यमंत्री नहीं देखा। कोई किसी से जवाब नहीं मांग सकता। विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मंत्री माणिकराव कोकाटे के इस्तीफे की मांग कर रहे थे, जिन्हें उस कथित वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद आलोचना का सामना करना पड़ा जिसमें उन्हें विधान परिषद में ऑनलाइन रमी खेलते दिखया गया है। इसके बाद कोकाटे को किसानों के बारे में असंवेदनशील टिप्पणी के लिए भी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। बृहस्पतिवार रात कोकाटे को कृषि मंत्रालय से खेल एवं युवा कल्याण विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया। शिवसेना (यूबीटी) खासतौर पर अपने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना के मंत्रियों संजय शिरसाट, संजय राठौड़ और योगेश कदम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग कर रही है। ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। विवाद पर, पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा, सरकार महाराष्ट्र से मराठी को खत्म करने की कोशिश कर रही है। मंत्रालय के पास शिवालय में एक अलग कार्यक्रम में ठाकरे ने कहा, हमें किसी भी से कोई नफरत नहीं है, लेकिन हम पर कोई नहीं थोपें। ठाकरे का इशारा कथित तौर पर कक्षा एक से पांच तक के छात्रों के लिए त्रिनीति और हिंदी थोपने से संबंधित दो विवादास्पद सरकारी प्रस्तावों (जीआर) की ओर था। विभिन्न वर्गों के कड़े विरोध के बाद जीआर वापस ले लिए गए थे।

## आतंकवाद का रंग भगवा नहीं, बल्कि, मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद और क्या बोलीं साध्वी प्रज्ञा?

**नई दिल्ली (एजेंसी):** 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस की आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को कोर्ट ने बरी कर दिया है। वहीं, साध्वी प्रज्ञा का कहना है कि जांच के दौरान गलत जानकारी न फैलाने के कारण उन्हें काफी टॉर्चर किया गया था। रविवार को भोपाल एअरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान साध्वी प्रज्ञा ने कहा, "मुझसे गलत जानकारी फैलाने के लिए कहा गया था, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। इसलिए मुझे बहुत टॉर्चर किया गया था।" भगवा आतंकवाद नहीं हो सकताः साध्वी प्रज्ञा साध्वी प्रज्ञा के अनुसार, "हिंदू आतंकवाद कभी साबित नहीं हो सकता। कांग्रेस ने हमेशा से हिंदुओं को कुचला है। हम अपने ही देश में आतंकवादी हो ही नहीं सकते। कौन कहता है कि आतंकवाद का रंग नहीं



होता? ये हरा रंग लेकर जिस तरह पहलगाम में धर्म पूछकर गोली मारा गया।" साध्वी प्रज्ञा ने क्या कहा? साध्वी प्रज्ञा ने मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह पर निशाना साधते हुए कहा, "वो बहुत निकृष्ट व्यक्ति है। उसने कानून से परे जाकर मुझे प्रताड़नाएं दी हैं। वो अधिकारी के पद पर रहने के काबिल नहीं हैं। अकेले परमबीर सिंह ने नहीं बल्कि पूरे एटीएस के अधिकारियों ने प्रताड़ित किया है। मैं 24 दिनों तक पुलिस कस्टडी में रही और उनकी प्रताड़नाएं झेलती रही।" कस्टडी में बनाया दबावः साध्वी प्रज्ञा साध्वी प्रज्ञा का बयान ऐसे समय सामने आया है, जब मालेगांव ब्लास्ट देश में एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है। अदालत से बरी होने के बाद पहली बार भोपाल पहुंची साध्वी प्रज्ञा का कहना है कि पुलिस कस्टडी के दौरान उनपर कई बड़े नेताओं का नाम लेने का आरोप लगाया गया था। साध्वी प्रज्ञा ने कहा- कांग्रेस पर बोला हमला कांग्रेस पर हमला बोलते हुए साध्वी प्रज्ञा ने कहा, "कांग्रेस ने मुस्लिम वर्ग के लिए तुष्टिकरण की नीति अपानाई। उन्होंने इसका भरपूर उपयोग किया। हिंदूओं को प्रताड़ित किया गया। उन्होंने भगवा और हिंदुत्व को आतंकवाद कह दिया। कांग्रेस ने यह कुचक्र रचा।" रिहाई के बाद भोपाल पहुंची साध्वी प्रज्ञा बता दें कि 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस में साध्वी प्रज्ञा समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हाल ही में एनआईए कोर्ट ने सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया है। रिहाई के बाद साध्वी प्रज्ञा पहली बार अपने निवास स्थान भोपाल पहुंची, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कई बड़े खुलासे किए।

## सीएम नीतीश ने आपदा प्रबंधन विभाग का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**बिहार (एजेंसी):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नीतीश कुमार ने आपदा प्रबंधन विभाग तथा राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं तथा कार्य पद्धतियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में वषार्पात की स्थिति, नदियों के जलस्तर तथा फसल आच्छादन की स्थिति का जायजा लिया। अलर्ट मोड में रहें अधिकारी- नीतीश कुमार इस दौरान विकास आयुक्त और आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य में वषार्पात की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 24 घंटों मे राज्य में अच्छी बारिश हुई है। राज्य के 222 प्रखंडों में 25 मि.मी. अथवा इससे अधिक बारिश दर्ज की गई है। गंगा, कोशी



तथा बूढ़ी गंडक नदियों का जलस्तर बढ़ा है, पानी का स्तर खतरे के निशान के आसपास है लेकिन स्थिति अभी नियंत्रण में है। राज्य में धान की फसल का आच्छादन प्रतिशत तीन अगस्त तक 79.43 प्रतिशत है, गत वर्ष इस समय तक यह 67.38 प्रतिशत था। राज्य में अच्छी वर्षा हो रही है जिससे भू-जलस्तर भी बेहतर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र बहुत उपयोगी केन्द्र है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 24 घंटे संचालित यह केन्द्र बेहतर ढंग से कार्य कर रहा जिसका लाभ राज्य के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी वर्षा होने से किसानों को रोपनी कार्य में फायदा हो रहा है। नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर संबंधित अधिकारी अलर्ट मोड में रहें तथा एसओपी के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखें।

## मुस्लिम प्रिंसिपल से नफरत की बेइंतहा ! सरकारी स्कूल के पानी में मिलाया जहर; सीएम सिद्दरमैया ने लिया एक्शन

**बेंगलुरु (एजेंसी):** कर्नाटक के बेलगावी जिले के हुलिकट्टी गांव में एक सरकारी स्कूल में बच्चों के पीने के पानी में जहर मिलाने की घटना सामने आई है। पुलिस जांच में पता चला है कि यह घिनौनी हरकत स्कूल के मुस्लिम प्रधानाध्यापक का तबादला करवाने के इरादे से की गई थी। इस घटना को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कड़ी निंदा की है और इसे धार्मिक नफरत और कट्टरता से प्रेरित घिनौना अपराध बताया है। बता दें, घटना करीब 15 दिन पहले की है, जब स्कूल के कई बच्चों की तबीयत पानी पीने के बाद अचानक बिगड़ गई। नहीं हुआ कोई गंभीर घायल हालांकि, तबीयत बिगड़ने के बाद बच्चों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इस घटना में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच की और शुरूआती रिपोर्ट में पानी में जहर मिलाने की पुष्टि हुई। पुलिस की जांच में सामने आया कि यह हरकत श्रीराम सेना के सवादत्ती तालुक अध्यक्ष सागर पाटिल और उनके दो



साथियों ने की थी। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच अधिकारियों का मानना है कि आरोपियों ने स्कूल के मुस्लिम हेडमास्टर को बदनाम करने और तबादला करवाने के लिए जानबूझकर बच्चों के पानी में जहर मिलाया था। इसके जरिए वे क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव फैलाना चाहते थे। सीएम सिद्दरमैया ने किया पोस्ट इस घटना को लेकर सीएम सिद्दरमैया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, "धार्मिक कट्टरता और नफरत लोगों को निर्दोष बच्चों की हत्या तक के लिए प्रेरित कर सकती है।" उन्होंने इस घटना को सांप्रदायिक सौहार्द के लिए खतरा बताया और भाजपा नेताओं और श्रीराम सेना के प्रमुख प्रमोद मुतालिक से सवाल

**कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक सरकारी स्कूल के बच्चों के पीने के पानी में जहर मिलाने की घटना सामने आई है। पुलिस जांच में पता चला कि यह घिनौनी हरकत स्कूल के मुस्लिम प्रधानाध्यापक का तबादला करवाने के इरादे से की गई थी।**

किया कि क्या वे इस घटना की जिम्मेदारी लेंगे? सिद्दरमैया ने की लोगों से अपील सिद्दरमैया ने साफ कहा कि नफरत फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और एक विशेष टास्क फोर्स बनाकर ऐसे मामलों पर नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की है कि वे नफरत फैलाने वालों के खिलाफ आवाज उठाएं और रिपोर्ट करें और मिल-जुलकर समाज में शांति बनाए रखें। उन्होंने कहा, मैं आज भी मानता हूं कि मेलजोल से जीने वाले लोग सांप्रदायिक लोगों से 100 गुना ज्यादा है।

## जन धन योजना ने रचा इतिहास, गरीबों के बैंक खाते 55 करोड़ के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी):** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत गरीबों के बैंक खातों की संख्या 55 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से अधिकतर ऐसे लोगों के हैं, जो कभी बैंक के दरवाजे तक भी नहीं गए। जन धन खाताधारकों से आगे आकर शिविरों में केवाईसी अपडेट कराने का आग्रह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, वित्त मंत्री ने कहा, इस योजना के 10 साल पूरे होने और इन खातों के लिए केवाईसी अनिवार्य होने के साथ, मैंने बैंकों से आग्रह किया है कि वे सक्रिय रूप से लोगों तक पहुंच बढ़ाएं और इस प्रक्रिया को सरल बनाएं। इस संबंध में, 1 जुलाई, 2025 से शुरू होकर, बैंकों ने यह अभियान शुरू किया है, जिसके तहत अब तक लगभग 1 लाख ग्राम पंचायतों को कवर किया जा चुका है। उन्होंने सभी जन धन खाताधारकों से इन शिविरों में भाग लेने और अपनी केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने के लिए आगे आने का आग्रह किया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 56 प्रतिशत जन धन खाते महिलाओं के हैं और 21 मई तक इन खातों में जमा कुल राशि 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। जन धन योजना ने सभी वयस्कों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच में बड़ी बढ़ोतरी की है हाल ही में वित्तीय समावेशन पर एक सेमिनार में



आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) का शुभारंभ भारत में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। जन धन योजना ने सभी वयस्कों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के देश के प्रयास में एक बड़ी छलांग लगाई है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पीएमजेडीवाई को दुनिया की सबसे

**जिसके तहत अब तक लगभग 1 लाख ग्राम पंचायतों को कवर किया जा चुका है। उन्होंने सभी जन धन खाताधारकों से इन शिविरों में भाग लेने और अपनी केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने के लिए**

बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक बताया वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, पीएमजेडीवाई दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है और चालू वर्ष के लिए ऐसे तीन करोड़ और खाते खोलने का लक्ष्य रखा गया है। मार्च 2015 में प्रति खाता औसत बैंक बैलेंस 1,065 रुपए था, जो अब बढ़कर 4,352 रुपए हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लगभग 80 प्रतिशत खाते सक्रिय हैं। 66.6 प्रतिशत जन धन खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, और 29.56 करोड़ महिला खाताधारकों के हैं। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, मनरेगा वेतन से लेकर उज्ज्वला योजना की सब्सिडी और कोविड के दौरान आम लोगों को पैसा उपलब्ध कराने तक, इस योजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएम जन धन योजना का उद्देश्य कमजोर और कम आय वर्ग को मूल बचत खाते समेत विभिन्न वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना है बयान में कहा गया है कि आज, सभी बसे हुए गांवों में से 99.95 प्रतिशत लोगों को बैंकिंग टचपॉइंट्स (बैंक शाखाओं, एटीएम, बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) और भारतीय डाक भुगतान बैंकों सहित) के माध्यम से 5 किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच प्राप्त है। पीएम जन-धन योजना का उद्देश्य वंचित वर्गों जैसे कमजोर वर्गों और कम आय वर्गों को विभिन्न वित्तीय सेवाएं जैसे मूल बचत बैंक खाते की उपलब्धता, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता, बीमा तथा पेंशन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है।

## संपादकीय

# शरणार्थी या घुसपैठिए

उच्चतम न्यायालय ने बड़ा बुनियादी सवाल पूछा है। सवाल तो केंद्र सरकार सहित सभी राज्य सरकारों से पूछा गया है लेकिन शायद इस सवाल पर सभी कानून प्रर्वतन एजेंसियों सहित हम सभी को विचार करना है क्योंकि मनुष्य को मनुष्य समझना ही सब भूलते जा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने पूछा है कि पहले यह तय होना चाहिए कि रोहिंग्या शरणार्थी हैं या घुसपैठिए। बाकी मुद्दे बाद में तय कर लिए जाएंगे। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने देश में रोहिंग्याओं से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस सूर्यकांत ने साफ कहा कि पहला महʻवपूर्ण मुद्दा सरल है, क्या वे शरणार्थी हैं, या अवैध रूप से प्रवेश करने वाले घुसपैठिए। पीठ ने पूछा, क्या रोहिंग्या शरणार्थी घोषित किए जाने के हकदार हैं? अगर हां, तो उन्हें कौन-सी सुरक्षा, विशेषाधिकार या अधिकार हासिल हैं? पीठ ने आगे पूछा कि दूसरा मुद्दा यह है कि अगर रोहिंग्या शरणार्थी नहीं हैं, और घुसपैठिए हैं, तो क्या उन्हें निर्वासित करने की केंद्र और राज्य सरकारों की कार्रवाई उचित थी। अगर रोहिंग्याओं को अवैध घुसपैठिया माना भी गया है, तो क्या उन्हें अनिश्चितकाल तक हिरासत में रखा जा सकता है या फिर उन्हें जमानत पर रिहा किया जा सकता है बशर्ते अदालत उन पर ऐसी शर्तें लगाए जिन्हें वह उचित समझे? पीठ का यह सवाल भी काबिलेगौर है कि क्या उन रोहिंग्याओं, जिन्हें हिरासत में नहीं लिया गया है और जो शरणार्थी शिविरों में हैं, को पेयजल, स्वच्छता और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। मामले की गंभीरता देखते हुए पीठ ने याचिकाओं को तीन समूहों में विभाजित किया। पहला, जो रोहिंग्याओं से संबंधित हैं, दूसरा, जो रोहिंग्याओं से जुड़े. मुद्दों से संबंधित नहीं है, और तीसरा, जो पूरी तरह से अलग मामले से संबंधित है। तीनों समूहों की याचिकाओं का निर्धारण अलग-अलग किया जाएगा। सबसे गंभीर मामला यह है कि जिन रोहिंग्याओं को घुसपैठिया कह कर हिरासत में ले लिया जाता है, वे लंबे समय तक हिरासत में रहने को मजबूर होते हैं। हो क्या रहा है कि चुनावी राजनीति के तहत बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर रोहिंग्याओं को आसान शिकार बनाया जा रहा है जबकि वे म्यांमार में जातीय हिंसा के पीड़ित और सहानुभूति के पात्र हैं।

## चिंतन-मनन

# कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है जीव

ईश्वर क्षेत्रज्ञ या चेतन है, जैसा कि जीव भी है, लेकिन जीव केवल अपने शरीर के प्रति सचेत रहता है, जबकि भगवान समस्त शरीरों के प्रति सचेत रहते हैं। चूंकि वे प्रत्येक जीव के हृदय में वास करने वाले हैं, अतएव वे जीवविशेष की मानसिक गतिशीलता से परिचित रहते हैं। परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय में ईश्वर या नियंता के रूप में वास कर रहे हैं और जैसा जीव चाहता है वैसा करने के लिए जीव को निर्देशित करते रहते हैं। जीव भूल जाता है कि उसे क्या करना है। पहले तो वह किसी एक विधि से कर्म करने का संकल्प करता है, लेकिन फिर वह अपने ही कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है। वह एक शरीर को त्याग कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है।

चूंकि इस प्रकार वह आत्मा देहांतरण कर जाता है, अत उसे अपने विगत (पूर्वकृत) कर्मों का फल भोगना पड़ता है। ये कार्यकलाप तभी बदल सकते हैं जब जीव सतोगुण में स्थित हो और यह समझे कि उसे कौन से कर्म करने चाहिए। यदि वह ऐसा करता है तो उसके विगत कर्मों के सारे फल बदल जाते हैं। इसीलिए हमने यह कहा है कि पांच तत्वों- ईश्वर, जीव, प्रकृति, काल तथा कर्म में से चार शात हैं, कर्म शात नहीं है।

परम चेतन ईश्वर जीव से इस मामले में समान हैं- भगवान तथा जीव दोनों की चेतनाएं दिव्य हैं। यह चेतना पदार्थ के संयोग से उत्पन्न नहीं होती है। ऐसा सोचना भ्रांतिमूलक है। किंतु भगवान की चेतना भौतिकता से प्रभावित नहीं होती है। भगवान कहते हैं- जब वे इस भौतिक वि में अवतरित होते हैं तो उनकी चेतना पर भौतिक प्रभाव नहीं पड़ता। यदि वे इस तरह प्रभावित होते तो दिव्य विषयों के संबंध में उस तरह बोलने के अधिकारी न होते जैसा कि वे भगवद्गीता में बोलते हैं। भौतिक कल्मष-ग्रस्त चेतना से मुक्त हुए बिना कोई दिव्य-जगत के विषय में कुछ नहीं कह सकता। अतः भगवान भौतिक दृष्टि से कलुषित (दूषित) नहीं हैं। भगवद्गीता तो शिक्षा देती है कि हमें इस कलुषित चेतना को शुद्ध करना है।

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# अंगदान : जीवन संजीवनी अभियान



कुलदीप सिंह भाटी




भारत-भूमि दानदाताओं की भूमि है। दान देने की प्रवृत्ति हमारे संस्कारों और परवरिश की अहम हिस्सा रही है। कन्या-दान, भू-दान, गो-दान, विद्या-दान और न जाने ऐसे कितने ही प्रकार के दान हमारी उदारमना संस्कृति का परिचय देते हैं। दान देने के हमारी आदि संस्कृति में कई उदाहरण मिलते हैं। राजा बलि ने वामन के तीन पग भूमि मांगने के बदले अपना समस्त राज्य दान कर दिया। दान के विषय में भौतिक-दान से भी ऊपर राजा शिवि, महाभारत में कर्ण, महर्षि दधीचि के भी उदाहरण मिलते हैं, जिन्होंने अपनी दानशीलता का परिचय देते हुए दान की महिमा को नये शिखर पर प्रतिष्ठापित किया था। कहने का अभिप्राय यह है कि दानशीलता हमारा आध्यात्मिक ही नहीं, नैतिक व मूल्यगत संस्कार है।

चिकित्सा विज्ञान में सुखी, स्वस्थ व दीर्घजीवी मानव-जीवन के लिए निरंतर शोध व अन्वेषण की प्रक्रियाएं चलती रहती हैं। इन्हीं शोधों और अन्वेषणों का परिणाम है-मानव जीवन में अंग प्रत्यारोपण की अभूतपूर्व उपलब्धि की सफल प्राप्ति। आज मानव जीवन में कुछ विशेष अंगों जैसे हृदय, लीवर, किडनी आदि के खराब होने पर उपलब्धता अनुसार अंग-प्रत्यारोपित कर जीवन बचाने का महत्त्वपूर्ण कार्य संभव हो पाया है।

हालांकि भारत अंगदान के मामले में विश्व में तीसरा बड़ा देश और कार्निया प्रत्यारोपण के मामले में दूसरा बड़ा देश है किंतु यह तथ्य केवल सुनने और लिखने में अच्छा लग सकता है। हकीकत में स्थिति ऐसी नहीं है कि हम उस पर फख्र कर सकें। अंगदान के मामले में भारत से कम जनसंख्या वाले देश स्पेन, क्रोएशिया और अमेरिका का प्रतिशत बहुत शानदार है। स्पेन, क्रोएशिया और अमेरिका ने प्रति दस लाख की आबादी पर क्रमशः 36, 35 और 27 अंगदाता की उच्च दर प्राप्त कर रखी है। इसके विपरीत भारत में यह दर एक से भी कम 0.60 अंगदाता प्रति दस लाख के न्यूनतम स्तर पर है, जो पिछले एक दशक से लगभग इसी स्तर पर बनी हुई है। भारत में अंगदान की लंबी व अनवरत बढ़ती जा रही प्रतीक्षा-सूची स्वस्थ व समावेशी जीवन के लिए बड़ी चुनौती है। अंगदान संवेदनशील विषय है। सामाजिक चिंता का विषय होने के बावजूद इस में व्यक्तिनिष्ठा ज्यादा हावी है। इसी कारण भारत में आवश्यकता होते हुए भी अंगदान को कानूनन अनिवार्य नहीं किया जा सकता। इसी बाध्यता और व्यापक जन-विरोध से बचते हुए जनता के सेंटीमेंट को देखते हुए अंगदान के प्रति जनव्यापी जागरण और चेतना अभियान ही एकमात्र विकल्प हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारत में प्रति वर्ष ३ अगस्त को राष्ट्रीय अंगदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2010 में शुरू हुआ यह दिवस इस वर्ष मनाया जाने वाला 15वां राष्ट्रीय अंगदान दिवस है। इस वर्ष का विषय 'अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान' रखा गया है। अंगदान के प्रति जनजागृति और अंगदान कर चुके लोगों के प्रति कृतज्ञता के रूप में इसी दिन को चुनने के पीछे 3 अगस्त, 1994 की स्मृति को बनाए रखना भी है। उल्लेखनीय है कि इसी दिन एक मृतक दाता के कारण भारत में पहला सफल ह्रदय प्रत्यारोपण हुआ था। भारत के लिए यह दिन और विशेष बन जाता है क्योंकि इसके दस दिन बाद यानी 13 अगस्त को ही पूरे विश्व में भी विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है। अतः राष्ट्रीय अंगदान दिवस की तैयारियों को और व्यापक परिदृश्य से लिया जाना चाहिए।

भारत में अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता की बेहद कमी है। आज भी ग्रामीण व पिछड़े तबके के लोग सामान्य मृत्यु और ब्रेन डेड के अंतर को नहीं समझ पाते। इस आधारभूत अंतर को समझाए बिना इसके अगले कदम अंगदान के लिए समाज या परिवार की स्वीकृति और सहमति पाना और समझाइश करना कठिन है। भारत के लोग धार्मिक होने से पारलौकिक जीवन में विशेष आस्था रखते हैं। इसी कारण मृत्यु के बिना और उसके बाद देह से अंगों को काटना, विछिन्न करना या भंग करना उन्हें प्रकृति के विरुद्ध लगता है। देश भर में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए ही भारत सरकार ने राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम लागू किया है। गैर-कानूनी रूप से अंगों की खरीद-फरोख्त, गलत प्रवृत्तियों और अंगदान संबंधी अपराधों को रोकने के लिए भारत सरकार ने कानूनी प्रावधान भी किए हैं। मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 इसी का परिणाम है।

# दुनिया को डुबाने में लगे ट्रंप पर भारी पड़ेगा टैरिफ वार



डॉ. हिदायत अहमद खान

किसी भी सेवक के लिए अपना राष्ट्र सर्वोपरी और सर्वप्रथम होना ही चाहिए। इसमें किसी को कोई आपत्ति भी नहीं होगी, लेकिन इसके नाम पर अन्य देशों को हीन और तुच्छ समझा जाना, उन्हें नीचा दिखाना उचित नहीं ठहराया जा सकता है। वहीं खुद लाभ कमाना और दूसरे को घाटे में डालना, ऐसी व्यापार-नीति अच्छी नहीं मानी जा सकती है। इसका दूरगामी परिणाम स्वयं के लिए भी घातक साबित होगा। कुछ ऐसा ही काम इन दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने फैसलों और बयानों के जरिए करते देखे जा रहे हैं। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी चिर-परिचित शैली में भारत सहित दुनियां के अनेक देशों पर 25 फीसद टैरिफ और रूस से व्यापार करने पर सख्त आर्थिक दंड लगाने की जो घोषणा की है, उससे एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था में हलचल मच गई है। यह भी सही है कि ट्रंप अपने बयानों पर कायम नहीं रह पाते हैं, ऐसे में भरोसा भी नहीं होता कि वो कब क्या कहेंगे और कब क्या लागू करेंगे। इसलिए टैरिफ लगाने का यह फैसला जितना अचानक था, उससे कहीं अधिक राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को अस्थिर करने वाला भी साबित हो सकता है। खासकर तब जबकि दुनिया एक ओर मंदी के खतरे से जूझती नजर आ रही हो और दूसरी ओर अमेरिका खुद उच्च मुद्रास्फीति और आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा हो। इसे लेकर कनाडाई कारोबारी और टेस्टबेड के चेयरमैन किर्क लुबिमोव ने ट्रंप नीति की तीखी आलोचना भी की है। उनका मानना है कि भारत को टैरिफ और जुमार्ने के जरिए निशाना बनाना अमेरिका की रणनीतिक प्राथमिकताओं के खिलाफ जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा है, कि भारत आज सिर्फ एक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि यह अमेरिका के लिए चीन के दबदबे को संतुलित करने की दिशा में एक संभावित साझेदार भी है। लुबिमोव की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जबकि भारत वैश्विक सप्लाई चेन में चीन के विकल्प के तौर पर तेजी से उभर रहा है।

यह तो सभी जानते हैं कि चीन ने जिस तरीके से वैश्विक बाजार में अपनी पैठ बनाई है, उससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को खासा नुक्सान पहुंचा है। चीन एवं अन्य ताकतवर देशों से आर्थिक तौर पर निपटने की बजाय ट्रंप ने टैरिफ नीति लांच कर बतला दिया कि उन्हें इससे उबरना नहीं आ रहा है। इसलिए कमजोर को और कमजोर बनाने और उभरती अर्थव्यवस्थाओं को कुचलने जैसे फैसले ले लिए गए हैं। वैसे अमेरिका के इस कदम से दुनियां में व्यापारनीति को लेकर भी गंभीरता से विचार-विमर्श किया जाने लगा है। नतीजे में डॉलर की जगह अन्य मुद्रा को मजबूत करने जैसी बातें भी होने लग गई हैं। ब्रिक्स ने इसकी शुरूआत भी कर दी है, जिसे लेकर ट्रंप भी चिंतित हैं, लेकिन चिंता का समाधान वो अपने सहयोगी देशों की पीठों पर कोड़े चलाकर निकालने का दुस्साहस कर रहे हैं। इससे यदि यह समझा जा रहा है कि अमेरिका अपने अंदरुनी संकट से उबर जाएगा तो यह सिरे से ही गलत है, क्योंकि समाधान वैश्विक स्तर पर ही संभव है। इसलिए टैरिफ वार रोक कर नए रास्ते खोजने होंगे। यह भी सोचने वाली बात है कि वैश्विक बाजार खत्म नहीं हो रहा है, बल्कि उसका उपयोग कौन कैसे करे इस पर विचार किया जाना चाहिए। बदलती रणनीति और वैश्विक स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत वर्तमान में रुस से कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आयातक बन चुका है। देखने वाली बात है कि यूक्रेन युद्ध से पहले यह आयात नगण्य समान था, लेकिन अब यह भारत के कुल तेल आयात का 35 फीसद से अधिक हो गया है। ऐसे में अमेरिका की यह कोशिश कि भारत रूसी तेल से दूरी बनाए, न सिर्फ अव्यावहारिक है बल्कि संप्रभुता पर भी हस्तक्षेप करने जैसा है। इसके अलावा, एक तरफ तो ट्रंप भारत को अच्छा मित्र बताते हैं वहीं दूसरी तरफ वो डेड इकोनॉमी जैसा अपमानजनक टैग भी भारत को ही दे देते हैं। ये तो वो भी जानते हैं कि जो वो कह रहे हैं वो सिर्फ नारा है जो तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि यूं कहा जाए कि यह भारत-अमेरिका संबंधों में खटास बढ़ाने जैसा है, तो गलत नहीं होगा। राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान के तुरंत बाद ही भारत सरकार की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में स्पष्ट किया कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और जल्द ही यह अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है। इसी के साथ उन्होंने यह भी बतलाया कि भारत वैश्विक जीडीपी वृद्धि में 16 फीसद तक का योगदान दे रहा है और यह ह्लडेड इकोनॉमीह्व नहीं बल्कि ह्लग्रोथ इंजनह्व है। भारत के डिजिटल, वित्तीय और औद्योगिक सुधारों ने इसे वैश्विक निवेश का एक प्रमुख गंतव्य बना दिया है।

यहां विचारणी यह भी है कि अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने ट्रंप ने सबसे पहले अपने ही पड़ोसी मुल्कों को डराने और धमकाने का काम किया था, जिसे लेकर उन्हें उसी भाषा में जवाब भी मिला। इसके बाद उनकी नीतियां बदल गईं, लेकिन सुर वही रहे, उन्होंने कार्रवाई तो नहीं की लेकिन व्यंग्य करना नहीं छोड़ा। इसलिए ट्रंप ने यह पहली दफा किया हो ऐसा नहीं है, इससे पहले भी टैरिफ और व्यापार युद्धों के जरिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की कोशिश वो खूब कर चुके हैं। फिर चाहे वह चीन हो, यूरोपीय संघ हो या मेक्सिको। लेकिन इन प्रयासों का नतीजा अमेरिकी उपभोक्ताओं पर महंगाई के रूप में देखने को मिलता रहा है। अमेरिकी विश्लेषकों ने भी पाया कि टैरिफ युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान अमेरिका की खुद की अर्थव्यवस्था को होता है, क्योंकि इससे आयात महंगा होता है, रोजगार पर असर पड़ता है और वैश्विक बाजारों में अमेरिकी उत्पादों की प्रतिस्पर्धा घटती है। कीमतों के बढ़ने के साथ ही वस्तु की मांग घट जाती है और इसका वैश्विक बाजार पर खासा असर होता है। इससे आखिर अमेरिका अछूता कैसे रह सकता है। कुल मिलाकर यह टैरिफ वार ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति का हिस्सा तो कतई नहीं हो सकता है, क्योंकि इससे लाभ की जगह नुक्सान ज्यादा होने वाला है। वैसे भी दुनियां जब एक गांव में तब्दील हो चुकी हो तब ऐसे वैश्विक साझेदारी के युग में पुराने जमाने की नीति कैसे सफल हो सकती है? भारत जैसे महान लोकतांत्रिक, विशाल और उभरते बाजार को आंख दिखाना अमेरिका के लिए दीर्घकालिक कूटनीतिक और आर्थिक आत्मघात जैसा हो सकता है। इस नीति से भले ही ट्रंप ने चुनावी जनसमर्थन हासिल कर लिया हो, लेकिन यह अमेरिका को विश्व मंच पर एक गैर-विश्वसनीय और एकपक्षीय शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है। दूसरी ओर भारत, अपनी आर्थिक प्रगति और वैश्विक संबंधों के प्रति संतुलित दृष्टिकोण के जरिए एक स्थिर और जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। अंततः ट्रंप को समझना होगा कि मौजदू सदी में दुनियां भू-राजनीति टैरिफ और धमकियों से नहीं, बल्कि आपसी साझेदारी और समझ से संचालित होती है, वर्ना यह टैरिफ वार उन्हीं पर भारी पड़ सकता है।

# चुनाव आयोग पर वारः लोकतंत्र के लिये खतरे की घंटी




भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, और इस लोकतंत्र की बुनियाद जिन संस्थाओं पर टिकी है, उनमें चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण, निष्पक्ष और प्रतिष्ठित मानी जाती है। किंतु लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाले प्रमुख विपक्षी नेता श्री राहुल गांधी जैसे वरिष्ठ जनप्रतिनिधि जब चुनाव आयोग जैसी सर्वोच्च संवैधानिक संस्था पर वोट चोरी में शामिल होने एवं बिहार में मतदाता सूची में धांधली जैसे गंभीर, शरारत भरे, बेहूदे और गुमराह करने वाले आरोप सड़क से लेकर लोकसभा तक में लगाते हैं, तब यह केवल एक संवैधानिक संस्था पर नहीं बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा प्रहार है, यह दुर्भाग्यपूर्ण भी है और चिंताजनक भी। चुनाव आयोग का काम केवल चुनाव कराना नहीं है, बल्कि यह संस्था लोकतंत्र को पारदर्शिता, विश्वसनीयता और निष्पक्षता से चलाने की रीढ़ है। लाखों कर्मचारियों, सुरक्षा बलों और तकनीकी सहयोग के बीच करोड़ों मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया में शामिल करना, भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, एक असाधारण कार्य है। चुनाव आयोग ने समय-समय पर खुद को दबावों से ऊपर उठकर न्यायप्रिय संस्था के रूप में सिद्ध किया है।

बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (सर) का जबरदस्त विरोध करते हुए राहुल गांधी चुनाव आयोग एवं उनके अधिकारियों को डराने एवं धमकाने की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। राजनीति में जब हार की बौखलाहट हावी हो जाती है, तो ऐसे ही विकृत आरोपों और झूठे नैरेटिव को गढ़ा जाता है। श्री राहुल गांधी द्वारा हाल ही में चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप इसी राजनीतिक हताशा का परिणाम प्रतीत होते हैं। वे चुनाव परिणामों या प्रक्रिया में किसी तकनीकी दोष की बजाय, सीधे आयोग की नीयत पर सवाल उठा रहे हैं, जो कि एक गंभीर लोकतांत्रिक अनाचार एवं अराजकता है। वे अपनी नाकामी का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं और वह भी भद्दे तरीके से। चूंकि उनके ऐसे पुराने आरोप ठहर नहीं रहे इसलिए वे कुंठित हो रहे हैं। वे हताशा में हद पार कर रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि वे नेता सदन हैं और उस कांग्रेस के नेता हैं, जिसने देश पर लंबे समय तक शासन भी किया और चुनाव प्रक्रिया में सुधार के कुछ कदम भी उठाए। क्या कांग्रेस के लिए यह शर्म की बात नहीं कि जिस ईवीएम का उपयोग उसके शासनकाल में शुरू हुआ, उसके पीछे उसके ही बड़े नेता पड़े हैं। हाल के वर्षों में ईवीएम के कथित दुरुपयोग के जो भी आरोप लगे, उन्हें तो सुप्रीम कोर्ट ने भी फर्जी पाया। महाराष्ट्र चुनाव को लेकर लगाए गए आरोप भी फर्जी ही पाए गए। राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग के खिलाफ उलटा-सीधा नहीं, उलटा ही उलटा इसलिए बोला ताकि सांसद को मिले अधिकारों के तहत उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके।

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के नितांत झूठे, बेबुनियाद, निराधार और भारतीय लोकतंत्र की छीछालेदर करने वाले आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करने के साथ यह कहकर उन्हें बेनकाब भी किया कि वे किस तरह अपने आरोपों का जवाब सुनने या अपने आरोपों की सच्चाई प्रस्तुत करने आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। आरोपों में दम होता तो वे उपस्थित होते। चुनाव आयोग ने बार-बार उन्हें बुलाया, लेकिन लगता है कि वे खुद को इस संवैधानिक संस्था से भी ऊपर समझ रहे हैं। वे गांधी परिवार के सदस्य हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे जो मन में आये करते रहे कि आम जनता उनके शरारत भरे आरोपों को सच मान लेगी। जनता का उनके आरोपों पर भरोसा उठ चुका है, उनके आरोपों पर ही नहीं, उन पर भरोसा नहीं रहा तभी तो चुनावों में कांग्रेस की इतनी दुर्गति हो रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में सही सका कि ऐसी हरकतों से कांग्रेस 30 साल तक विपक्ष में ही बैठती रहेगी।

वोट चोरी के आरोप लगा रहे राहुल और उनके साथी यह क्यों भूल जाते हैं कि झारखंड और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कौन जीता था? क्या यह उचित है कि जब तक चुनाव परिणाम अनुकूल हों तब तक चुनाव आयोग निष्पक्ष है, और जब हार हो जाए तो वही आयोग पक्षपाती हो जाए? क्या लोकतंत्र का सम्मान इस प्रकार के दोहरे मापदंडों से किया जा सकता है? राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे स्वयं उसी निर्वाचन प्रणाली से संसद पहुंचे हैं, जिसे अब वे झूठा और पक्षपाती बताने की कोशिश कर रहे हैं। यह जनता की समझ और चेतना का भी अपमान है। अब यह भी साफ है कि ऐसे लोग मतदाता सूचियों का सत्यापन नहीं होने देना चाहते, भले ही घुसपैठिये वोटर बने रहें, यह तो सबसे बड़ा देशद्रोह है। इस मामले में जनहित याचिकाएं सुनने को आतुर सुप्रीम कोर्ट को भी सक्रिय होना चाहिए।

यदि किसी दल या नेता को किसी प्रक्रिया पर आपत्ति है, तो उनके पास कानूनी और संवैधानिक मार्ग खुले हैं। लेकिन सार्वजनिक मंचों से इस तरह झूठी कहानियां गढ़कर जनता को भ्रमित करना, लोकतंत्र की मयार्दाओं को तार-तार करना है। चुनाव आयोग ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह सत्ता या विपक्ष, दोनों से परे, केवल संविधान और जनादेश के प्रति जवाबदेह है। ऐसे में बार-बार उसे लांछित करना विपक्षी राजनीति की गिरती हुई संस्कृति का परिचायक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल और नेता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें, न कि उन्हें क्षति पहुंचाएं। यदि विपक्ष को सशक्त बनना है, तो उसे अपने विचारों की ताकत और जनसमर्थन की ऊर्जा से यह करना होगा, न कि संस्थाओं को कमजोर कर या झूठी शंकाओं का धुंआ फैलाकर। राहुल गांधी जैसे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे जनता के बीच संवेदनशीलता, सच्चाई और गंभीरता का उदाहरण प्रस्तुत करें। किंतु जब वे स्वयं राजनीतिक अपरिपक्वता, अविश्वास और तर्कहीन आलोचनाओं के वाहक बन जाते हैं, तो इससे केवल विपक्ष की साख ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पूरी संरचना प्रभावित होती है।

राहुल गांधी द्वारा यह दावा करना कि पूर्व में महाराष्ट्र एवं हाल ही में बिहार में लाखों फर्जी वोटर जुड़े हैं, यह आरोप न केवल अतिशयोक्ति और तथ्यहीनता का उदाहरण है, बल्कि इससे मतदाताओं में अनावश्यक भय और भ्रम फैलता है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह भ्रामक है और यह मतदाता सूची में प्राकृतिक अद्यतन प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें मृतकों, स्थानांतरित लोगों या दोहरावों को हटाकर सत्यापन किया जाता है। बिहार राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भी इसे नियमित कार्यवाही बताते हुए राहुल गांधी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। यह स्पष्ट करता है कि 'वोट चोरी' का शोर एक राजनीतिक भ्रमजाल है, न कि तथ्यात्मक आपत्ति। राहुल गांधी के ऐसे बचकाने और संवेदनहीन बयानों से देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अफरातफरी और अविश्वास का माहौल बनता है। यह किसी विपक्ष की सशक्त आलोचना नहीं, बल्कि एक अराजक और गैर-जिम्मेदार राजनीतिक व्यवहार का उदाहरण है। जब विपक्ष का प्रमुख चेहरा बिना तथ्यों के गंभीर संस्थाओं पर कीचड़ उछालता है, तो न केवल देश की जनता भ्रमित होती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि धूमिल होती है।

ऐसे निराधार वक्तव्यों से लोकतंत्र मजबूत नहीं होता, बल्कि अराजकता को बढ़ावा मिलता है। इसलिए समय की मांग है कि ऐसे गुमराह करने वाले वक्तव्यों का तीव्रता से खंडन ही नहीं किया जाये बल्कि ऐसे मिथ्या एवं भ्रामक आरोप लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाये। अब यह आवश्यक है कि यदि राहुल गांधी या उनके सहयोगी अथवा कथित लोकतंत्र हितैषी चुनाव आयोग पर सिरे से झूठे आरोप लगाएं तो वह उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे। यदि ऐसा काम राहुल संसद के बाहर करें तो उनके खिलाफ भी चुनाव आयोग को पुलिस में शिकायत करने के साथ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि कुछ लोग लोकतंत्र बचाने के नाम पर उससे ही खेल रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को उनके संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन में समर्थन और सम्मान दिया जाए। लोकतंत्र का स्वास्थ्य तभी सुरक्षित रहेगा जब उसकी संस्थाएं सशक्त, सम्मानित और निष्पक्ष बनी रहें।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान के सौजन्य से शिव भक्तों के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन


**गजरौला/ अमरोहा (सब का सपना):-** देवो के देव भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना के पावन पर्व पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में अखण्ड भण्डारा, हवन एवं विशेष पूजा का आयोजन कराया गया।संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी एवं वेंक्टेश्वरा परिवार के साथ विधिवत महादेव जी की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। पूजा अर्चना के बाद सांस्कृतिक संध्या एवं भण्डारा का हुआ आयोजन।देवो के देव महादेव की पूजा अर्चना करने से सर्वजगत का कल्याण होता है एवं समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो रहे। भगवान भोलेनाथ से बड़ा कोई देव नहीं, वो सिर्फ अपने भक्तो से श्रद्धा एवं



समर्पण का मोह रखते है- डॉ0 राजीव त्यागी, प्रतिकुलाधिपति, श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में पवित्र सावन माह के अन्तिम सोमवार के पुनीत पर्व पर यज्ञ, हवन एवं विशेष पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने महादेव की महिमा का गुणगान करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए जीवन में उनकी पूजा के महत्व को सबसे ऊपर बताते हुए उनके दिखाये गये ज्ञान, श्रद्धा एवं भक्ति के मार्ग पर चलने की शपथ ली। इसके बाद सांस्कृतिक संध्या के साथ-2 भण्डारे का भी आयोजन किया। जिसमें हजारो श्रद्धालुओ एवं शिव भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित हवन, पूजा एवं भण्डारे का शुभारम्भ संस्थापक अध्यश श्री सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक श्री हरि सिंह ढिल्लो, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति डॉ0 कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव प्रो0 पीयूष पाण्डेय, आचार्य रामनिवास शास्त्री आदि ने महादेव शिव की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके एवं फीटा काटकर किया। श्रावण मास में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि निसन्देह रूप से महादेव का स्थान सभी देवो में सबसे ऊपर आता है। श्री शिव जी की भक्ति का मतलब यह है कि जो ज्ञान, ध्यान, बल, बुद्धि, शिक्षा, संस्कार एवं पुरूषार्थ में श्रेष्ठ फलदाता हो। प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने कहा कि हमारे जीवन में प्रत्येक व्यक्ति के लिए शिव जी की अराधना सबसे बड़ा महापर्व है। एक शिव ही है जो हमे अज्ञानता के अधंकार, भय, क्रोध, भ्रम/सन्देह, मोह, लोभ के बन्धन से मुक्त कराकर ज्ञान, बल एवं बुद्धि के प्रकाश से आलौकित करते है। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यश शुभम चौधरी, डॉ0 राजेश सिंह डॉ0 ओमप्रकाश गोसाई, डॉ0 तेजपाल सिंह, डॉ0 योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ0 अनिल जायसवाल, अरूण गोस्वामी, डॉ0 मोहित शर्मा, मारूफ चौधरी, डॉ0 अश्विन सक्सेना, लीगल डारेक्टर देवप्रताप, डॉ0 सुमन कुमारी, अनुषा कर्णवाल, डॉ0 शिल्पा रैना एवं एस0एस0 बघेल, समाजसेवी तेजवीर सिंह अलना, रीना जोशी, प्रीतपाल, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की पी0एम0 सूर्य घर योजना की समीक्षा

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पीएम सूर्य घर योजनांतर्गत संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं वेंडर्स के साथ बैठक आयोजित की गयी। निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। योजना के अंतर्गत जनपद को आंवटित लक्ष्य के सापेक्ष शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रेरित करते हुए ऑनलाईन पंजीकरण कराने के उपरान्त उन्हे शत-प्रतिशत योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पीएम सूर्यघर योजना से संबंधित लोन पत्रावालियों को बैंक में अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाए। इसके साथ बैंकवार लंबित पत्रावलियों की जानकारी कारण सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त पत्रावलियों को शीघ्रता से निस्तारित करें। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित करते



हुए शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन के मध्य योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। विद्युत अधिकारियों को योजना का लाभ आमजन को दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। पीएम सूर्य घर योजना मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 से 10 किलोवाट तक स्थापित संयंत्रों पर सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। 45 हजार से लेकर करीब 1.08 लाख रुपये का अनुदान मिल सकता है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नेशनल पोर्टल https:// pmsuryaghar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना विभिन्न बैंको द्वारा मात्र 07 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर उपलब्ध अधिकृत वेंडर के माध्यम से ही सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कराया जाए। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, पीओ नेडा सीपी वर्मा, एलडीएम सहित विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं वेंडर्स उपस्थित रहे।

# जिलाध्यक्ष युवा राष्ट्रीय लोकदल अमरोहा का फेसबुक अकाउंट एक माह में दूसरी बार सस्पेंड

### लोकप्रियता से घबराए विरोधियों की कायरता उजागर:- इरकान अली

**अमरोहा (सब का सपना):-** जमीन से निकला एक सादा, ईमानदार और संघर्षशील युवा – इरकान अली, जो मात्र कुछ समय में ही युवाओं, किसानों, मजदूरों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज बन गया। अपने साफ-सुथरे विचारों, निष्कलंक छवि और सर्वसमाज में बढ़ती लोकप्रियता ने इरकान अली को हर वर्ग का चहेता बना दिया। लेकिन सच्चाई की राह कभी आसान नहीं होती। सिर्फ कुछ ही समय में विरोधियों की नींद उड़ गई। जाति-पाति और नफरत की राजनीति करने वालों को यह भाईचारे का संदेश अच्छा नहीं लगा। जो लोग जनता को बरगलाकर राजनीति करते हैं, उन्हें यह बात कैसे हजम हो सकती है कि कोई व्यक्ति इंसाफ, इंसानियत और इखलास की बुनियाद



पर लोगों का दिल जीत रहा है? इस दौरान इरकान अली ने कहा कि मेरा फेसबुक अकाउंट सस्पेंड करवा दिया गया है। यह कोई तकनीकी गलती नही वरन-यह एक सुनियोजित साजिश है। यह दशार्ता है कि विरोधी न तो इरकान अली की बराबरी कर पा रहे हैं, न ही उनके विचारों का सामना कर सकते हैं। ऐसे में वे डिजिटल मंचों पर उंगली करके, रिपोर्ट करके, और दबाव बनाकर उनकी आवाज को रोकना चाहते हैं। लेकिन क्या कभी आवाज दबाई जा सकी है? जो आवाज दिलों में घर कर चुकी हो, उसे कोई सस्पेंड नहीं कर सकता। विरोधियों का यह कृत्य "खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे" से ज्यादा कुछ नहीं। इरकान अली न रुका हैं, न रुकेगा उनकी आवाज फेसबुक से बड़ी है – वो अब जनता के दिलों में गूंज रही है। वो गरीबों की उम्मीद, मजदूरों की ताकत, और नौजवानों की प्रेरणा बन चुके हैं। और जो बात उन्हें औरों से अलग बनाती है –वो सिर्फ नेता नहीं, एक सच्चे साथी हैं। अपने हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी का मान-सम्मान करना उनकी आदत में शुमार है। वे न केवल जनता के साथ, बल्कि अपने साथियों के पीछे भी पूरी मजबूती से खड़े रहते हैं। यह केवल एक शुरूआत है। अब हर गली, हर गांव, हर मंच पर इरकान अली की आवाज और बुलंद होगी। जिन्हें डर है उनके उदय से, वो हर मंच से हारेंगे। क्योंकि जब सच्चाई साथ हो – तो कोई भी ताकत न रोक सकती है, न मिटा सकती है।

# गन्ने का पेमेंट ना मिलने पर भाकियू (असली) का दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन लगातार जारी





**धनौरा (सब का सपना) कविन्द्र सिंह:-** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकताओं का दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। उनका कहना है की आल्हा अधिकारियों की तरफ से हमें किसी तरह का कोई आश्वासन नहीं मिला है। उनकी तरफ से रोज पेमेंट भुगतान के लिए टालमटोल की जा रही है जबकि पिछली बार हुए धरना प्रदर्शन में आल्हा अधिकारियों ने हमें लिखित रूप में यह लिखकर दिया था कि सभी किसानों का गन्ने का संपूर्ण भुगतान समय से कर दिया जाएगा बावजूद इसके उन्होंने हमारे साथ वादा खिलाफी की है। जिस कारण हम यहां पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। ज्ञात रहे कि तहसील धनोरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मलेशिया वेव शुगर मिल से किसानों को गन्ने का पेमेंट समय से नहीं मिल रहा जिससे किसान बहुत परेशान है। इसी बात से नाराज भारतीय किसान यूनियन असली कार्यकताओं एवं पदाधिकारीयों ने पूर्व में धनौरा तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर आलाअधिकारियों को ज्ञापन भी सोपा गया था तथा आला अधिकारियों ने वेव शुगर मील से गन्ने का पेमेंट दिलवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक किसानो को गन्ने का पैसा नहीं मिल पाया जिससे नाराज होकर धनोरा तहसील परिसर में किसान धरने पर बैठ गए और कहा कि जब तक मील से गन्ने का पेमेंट नहीं मिल जाएगा हम धरने पर बैठे रहेंगे। इसी बीच प्रशासनिक अधिकारी आकर फिर से गन्ने का पैसा दिलाने का आश्वासन देने लगे लेकिन भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकताओं ने साफ इन्कार कर दिया कि हम यहां से नहीं जाएंगे हमारा गन्ने का पैसा हमारे हाथों में आ जाएगा तो हम यहां से उठकर चले जाएंगे। शनिवार को शुरू हुए इस धरना प्रदर्शन में आल्हा अधिकारियों की तरफ से रविवार को भी कुछ हाथ नहीं लगा जिस कारण रविवार को भी भाकियू असली संगठन के कार्यकताओं और पदाधिकारियों द्वारा अपने गन्ने के पेमेंट का संपूर्ण भुगतान करने हेतु खबर लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहा।

# वढः लॉरेंस गैंग ने 48 घंटे में तीन बार की थीं कॉल... हाशमी और उनके परिवार को मारने धमकी देकर मांगे दो करोड़

**अमरोहाः** अमरोहा में हाशमी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देकर दो करोड़ की रंगदारी मांगने के तार लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े हुए हैं। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दरोगा से विवेचना को इंस्पेक्टर के लिए ट्रांसफर कर दिया है। अब मामले की विवेचना नगर इंस्पेक्टर पंकज तोमर करेंगे। 30 जुलाई से एक अगस्त तक 48 घंटे में तीन बार कॉल की गई थी। साइबर थाना पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर आईपी एड्रेस के साथ आरोपी की लोकेशन तलाशने की कोशिश कर रही है। साथ ही व्हाट्सएप से भी जानकारी मांगी गई है। धमकी के बाद हाशमी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी, उनके बेटे डॉ. बुरहानुद्दीन हाशमी और परिवार के अन्य सदस्यों में दहशत का माहौल है। उन्होंने घर से निकलना भी बंद कर दिया है। मोहल्ला काजीजादा के रहने वाले हाशमी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी को 30 जुलाई की सुबह डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी और उनके भाइयों के फोन पर पुर्तगाल देश के नंबर 351920058923 से कॉल आई थी, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। इसके बाद उसी नंबर से डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी के बेटे डॉ. बुरहानुद्दीन हाशमी के नंबर पर कॉल आई। इसके थोड़ी देर बाद उसी नंबर से व्हाट्सएप पर धमकी भरे संदेश भेजे गए, जिसमें दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रुपये अदा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले व्यक्ति ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप से रोहित गोदारा का छोटा भाई राहुल बताया है। शुक्रवार को डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी ने अपने बेटे डॉ. बुरहानुद्दीन हाशमी के साथ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की थी।

लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप का नाम सामने आते ही पुलिस अधिकारियों के होश उड़ गए थे। मामले में नगर कोतवाली पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धमकी और जबरन वसूली करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली पुलिस के अलावा साइबर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हसनपुर पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को 10 लीटर कच्ची शराब व बनाने के उपकरण के साथ किया गया गिरफ्तार

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हसनपुर दिनेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना हसनपुर पुलिस द्वारा कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ अभियुक्त 1. जोगेन्द्र पुत्र निरौत्तम नि0 ग्राम बाईखेडा थाना हसनपुर जनपद अमरोह उम्र करीब 35 वर्ष 2. रामौतार पुत्र ननुवा नि0 ग्राम बाईखेडा थाना हसनपुर जनपद अमरोहा उम्र करीब 48 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 309/2025 धारा 60(2)



आबकारी अधि0 थाना हसनपुर को गिरफ्तार किया गया

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंध बनाने के लिए लगातार चौथे वर्ष भी प्रदेश सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। शनिवार दो अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण दो से आठ अगस्त, दूसरा चरण नौ से 12 अगस्त व तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों आदि में प्रदर्शनियों का आयोजन होगा। स्कूल, कालेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं और प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही सैनिकों और पुलिसकर्मियों को 'आभार पत्र' लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियां भेजी जाएंगी। दूसरे चरण में नौ से 12 अगस्त के बीच वृहद आयोजन होंगे। इस दौरान 'तिरंगा महोत्सव' के रूप में एक बड़ा आयोजन किया जाएगा। इसमें वृहद 'तिरंगा मेला' और 'भव्य तिरंगा म्यूजिकल कन्सर्ट' का आयोजन होगा। प्रदेश स्तरीय 'तिरंगा महोत्सव' का आयोजन किसी प्रमुख स्थल पर व्यापक जनभागीदारी के साथ होगा।व्यापक जनभागीदारी के साथ, प्रसिद्ध और स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य 'तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा बाइक रैली और/या तिरंगा साइकिल रैली' का आयोजन किया जाएगा। बृहद तिरंगे कपड़े के साथ तिरंगा रैलियों यात्राओं का आयोजन किया जाना। ये आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों ब्लॉकों और पंचायतों में आयोजित किए जाएँगे जिनमें स्कूली बच्चों, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। तिरंगा और उससे संबंधित वस्तुओं की बिक्री को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय बाजारों में सौंदर्यपरक तिरंगा प्रकाश और सजावट किया जाएगा। जनपद में स्वयं सहायता समूहों, पी०डी०एस० दुकानों, खादी भंडारों और स्थानीय बाजार के वस्त्रालयों आदि के माध्यम से तिरंगा की बिक्री और वितरण का प्रबंधन किया जाएगा। अभियान के तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त 2025 के मध्य सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधो, पुलों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकगण को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# विद्यालय में जान हथेली पर रखकर बच्चे कर रहे शिक्षा ग्रहण

### गजरौला ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय की हालत बेहद जर्जर









गजरौला/अमरोहा (सब का सपना) कविन्द्र सिंहः- ब्लॉक क्षेत्र में एक प्राथमिक विद्यालय की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे डर के साए में रहकर शिक्षा ग्रहण करते हैं इतना ही नहीं बल्कि विद्यालय के कुछ बच्चे तो विद्यालय में केवल सुबह की प्रार्थना और मिड डे मील के लिए ही स्कूल में जाते है।इसके बाद स्कूल की कुछ क्लासेस ग्राम प्रधान के घर पर लगाई जाती हैं। विद्यालय की कक्षा के कमरों की हालत है जर्जर,ग्राम प्रधान के यहां पर लगती है बच्चों की क्लासें बता दें कि गजरौला ब्लॉक क्षेत्र के गांव गढ़वाली स्थित प्राथमिक विद्यालय की बिल्डिंग इतनी क्षतिग्रस्त और बेहद कमजोर है कि न जाने कब वह बिल्डिंग नीचे गिर जाए और एक बड़ा हादसा हो जाए इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता लेकिन क्षेत्र के







बच्चे इस विद्यालय में अपनी जान हथेली पर रखकर डर के साए में रहकर भी इस विद्यालय में शिक्षा पाने को मजबूर हैं। इसके अलावा आपको बता दें कि गढ़ावली के इस विद्यालय में 305 बच्चों का नामांकन है।प्रधानाध्यापिका कुमारी पूनम समेत सात महिला शिक्षक, तीन पुरुष शिक्षक और एक महिला शिक्षामित्र है। रेलवे लाइन किनारे स्थित इस स्कूल भवन में 6 कमरे हैं इनमें चार कमरे बेहद जर्जर अवस्था में पाये गए जिनमें बरसात के मौसम में छत से पानी टपकता है, दीवारों में सीलन आती है, पीछे की तरफ चारों कमरों की दीवारें खोखली हो गई है। जगह-जगह से सीमेंट छूटकर गिर रहा है। इतना ही नहीं बल्कि कमरे की दीवारों में दरारें भी आई हुई हैं जो यह दशार्ती है कि ना जाने कब कौन सी कौन सी दीवार हाथ से का रूप ले ले यह कुछ कहा नहीं जा सकता।स्कूल के दो कमरें बैठने लायक है इनमें एक से कक्षा तीन तक के बच्चे बैठकर पढ़ाई करते हैं। शनिवार को स्कूल के दोनों कमरों में कुछ विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे थे। जबकि कुछ बच्चे ग्राम प्रधान के घर पढ़ाई कर रहे थे। कक्षा चार और पांचवी के बच्चों को बैठने के लिए बने कमरों की दीवार जर्जर होने के कारण हादसे की आशंका रहती है इसलिए दोनों कक्षा के बच्चों को स्कूल में से 200 मीटर दूर ग्राम प्रधान अर्चना देवी के घर में बैठकर पढ़ाई करने भेजा जाता है वह स्कूल परिसर में प्रार्थना के समय और मध्यान्ह भोजन करने ही आते हैं। वहीं स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने बताया कि स्कूल परिसर में जगह बहुत कम है इसलिए यहां पर न तो खेलने का मैदान है और ना ही रसोई घर पुराने एक कार्यालय में बच्चों के लिए में भोजन बनाया जाता है इसके अलावा बराबर में रेलवे लाइन है 60 बच्चे रेलवे लाइन पार कर आते जाते हैं। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय बच्चों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाता है। अभिभावक बोले बच्चों को स्कूल भेजने के बाद हादसा होने का सताता है डर वही गांव के रहने वाले धर्मपाल व महिला सुरेश ने बताया कि हमारे बच्चे स्कूल जाते जरूर हैं लेकिन हमें डर लगा रहता है कि जो बिल्डिंग जर्जर है उसमें हमारे बच्चे ना बैठे लेकिन स्कूल की प्रधानाध्यापिका कुमारी पूनम उन्हें जर्जर क्लासों में नहीं बैठने देती। हमारे कुछ बच्चे ग्राम प्रधान के यहां पर जाकर पढ़ाई करते हैं बाकी के बच्चे दो कमरे जो सही है उनमें पढ़ाई करते हैं। क्योंकि स्कूल के बाकी के चार कमरा पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं जिनमें बारिश का पानी टपकता है कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**संभल(सब का सपना):-** चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ स्थानीय पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि थाना कोतवाली संभल पर 30 जुलाई को कल्कि मंदिर परिसर से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी जिसके संबंध में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संभल कोतवाली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था 31 अगस्त को प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र कुमार के निर्देशन में टीम गठित की गई तथा मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी रिंकू पुत्र वेदप्रकाश (24)निवासी मोहल्ला कबीर की सराय निकट होली चौक थाना कोतवाली संभल हसनपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल होंडा साइन काले रंग की पुलिस ने बरामद की है जिसके आधार पर धारा 317 की बढ़ोतरी कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही थी।

## तहसील नौगांवा सादात में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस





**अमरोहा (सब का सपना):-** जनसमस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की प्राथमिकता के साथ शनिवार को तहसील नौगांवा सादात में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आनंद की उपस्थिति में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 जनशिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 04 शिकायतें राजस्व विभाग, 07 विद्युत विभाग, 07 विकास विभाग, 01 नगर पंचायत, 01 डूडा और 01 पूर्ति विभाग से संबंधित थीं। इनमें से 02 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने पूर्व तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण और फीडबैक की समीक्षा की और विद्युत संबंधी शिकायतों की बढ़ती संख्या और असंतोषजनक फीडबैक पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए सहायक अभियंता और अवर अभियंता की मॉनिटरिंग करें। उनके द्वारा की गई शिकायतों के निस्तारण और फीडबैक की समीक्षा की जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौन शिकायतों का उचित निस्तारण कर रहा है और उनकी कार्यशैली का मूल्यांकन हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता दर्शन, आईजीआरएस पोर्टल, तहसील दिवस एवं अन्य दिवसों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण करें। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है
और इसमें कोई लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस अधिकारी आमजन की पुलिस संबंधी शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, उप जिलाधिकारी सुनीता सिंह मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्यारह हजार की लाइन काटकर ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश



**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** ग्यारह हजार की लाइन काटकर ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गिरोह का संभल पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने खुलासा करते हुए बताया कि रोहित मुखिया, अवर अभियंता विद्युत उपकेन्द्र बबराला द्वारा लिखित तहरीरी दी गयी थी कि कस्बा बबराला मे हाईवे पर स्थित ट्रासफार्मर काटकर उसका तांबा और कॉइल चोरी कर लिया गया है जिसके सम्बंध में स्थानीय थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसके विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम मे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा व मुखबिर की सूचना तथा बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण सरदार सुंदर सिंह पुत्र श्योराज सिंह नि० ग्राम सैजना मुस्लिम थाना गुन्नौर (32) नीरज पुत्र मूलचंद्र नि० ग्राम सैजना मुस्लिम नि० ग्राम सैजना मुस्लिम थाना गुनौर(26) शोकेन्द्र उर्फ बड्डे पुत्र फूलसिंह नि० ग्राम सैजना मुस्लिम थाना गुनौर (32) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि 2 जुलाई को कस्बा गवां थाना रजपुरा से भी ट्रांसफार्मर काटकर चोरी की गयी थी जिसके सम्बंध में थाना रजपुरा में भी मुकदमा पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त इन अभियुक्तगण द्वारा जनपद बुलंदशहर तथा जनपद अलीगढ मे भी ट्रांसफार्मर से चोरी करना कबूला है जिसके सम्बंध मे जाँच की जा रही है। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हमारा पांच लोग वकील पुत्र शकील नि० महमूदपुर थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ,विपिन पुत्र रामनरेश नि० ग्राम सैजना थाना गुन्नौर,नीरज पुत्र मूलचंद्र नि० ग्राम सैजना मुस्लिम नि० ग्राम सैजना मुस्लिम थाना गुनौर,शोकेन्द्र उर्फ बड्डे पुत्र फूलसिंह नि० ग्राम सैजना मुस्लिम थाना गुनौर,सरदार सुंदर सिंह पुत्र श्योराज सिंह नि० ग्राम सैजना मुस्लिम थाना गुन्नौर जनपद सम्भल का एक गिरोह है। ट्रांसफार्मर चयनित करना तथा सभी को इकठ्ठा करने की जिम्मेदारी सरदार सुंदर सिंह की है। गिरोह मे सभी के काम निर्धारित है। जिसमे वकील द्वारा लाईन के ऊपर बांस मे लोहा काटने की पत्ती बांधकर तार को काटा जाता है। फिर सभी मिलकर उसका तांबा व कॉइल निकाल लेते है। शौकेन्द्र उर्फ बड्डे द्वारा अपनी रिक्शा मे भरकर ग्राम सैजना मुस्लिम स्थित सरदार सुंदर सिंह की कबाडी की दुकान पर ले जाता है। इसके बाद सभी सामान को सरदार सुंदर सिंह अन्य कबाड के सामान से साथ बेच देता है। और सभी के हिस्से के पैसे बांट देता है।

## टूटे हुए परिवारों को आपस में मिलाने का काम करता है सुलह समझौता केंद्र



**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** जनपद में पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में महिला थाने में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया। जहां कुल 107 पत्रावली सुनकर 44 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 15 परिवार को मिलाया गया व 26 पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। 3 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई।इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय , संगीता भार्गव, पूनम अरोरा श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा सीमा आर्य कंचन महेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत आदि लोग उपस्थित रहे। रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करती थी पत्नी मामला पहुंचा सुलह समझौता केंद्र एक मामला तहसील गन्नौर का ऐसा आया जहां पत्नी अपनी रील बना कर सोशल मीडिया पर अपलोड करती थी। जो उसके पति को पसन्द नहीं था मना किया तो उनके मध्य टकरार हुई शादी को मात्र डेढ़ साल ही हुआ था। जिसकी शिकायत थाना प्रभारी बनियाठेर से की गई और वो दूरी इतनी बढ़ गई कि पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र तक पहुंच गई । जहां विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट ने दोनों पक्षों को सुना और समझौता वार्ता कर दोनों पक्षों को मिलाया। लड़के का कहना था कि उसकी पत्नी जो रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालती हैं उस पर गांव के लड़के उल्टे सीधे कमेन्ट करते हैं जो उसे पसन्द नहीं है। जिस पर लड़की ने आगे से कोई भी रील नहीं बनाने और सोशल मीडिया पर अपलोड करने से मना कर दिया जिस कारण दोनों में समझौता हो गया। जिसके बाद दोनों पक्ष काउंसलिंग टीम को धन्यवाद करते नजर आए।

## सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम के तीसरे दिन किया गया आशा सम्मेलन






**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** जनपद के मुख्यालय बहजोई स्थित बस स्टैंड मैदान पर आयोजित सात दिवसीय संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा सम्मेलन का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित आशा/ए.एन.एम. आदि को ए.बी.पी.(एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम) के विषय में विस्तृत रूप से बताया। सभी एस्पिरेशनल ब्लॉक में कार्यरत आशाओं में एएनएम को सभी 0 बिंदुओं पर संतृप्तिकरण किए जाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित आशा / ए.एन.एम. को वर्तमान सत्र के 31 दिसंबर 2025 तक समस्त बिंदुओं पर शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण की शपथ भी दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट जी ने आशाओं के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में जोश का वर्णन करते हुए सभी को इसी जोश, मेहनत और ईमानदारी से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने हेतु आह्वान किया गया। गत एक वर्ष में आशा व एएनएम के द्वारा मेहनत से किये गये आमूलचूल परिवर्तन पर सभी की कार्यशैली को नमन किया। समस्त आशा बहनों से आशा डायरी के समस्त कॉलम को उचित प्रकार से अंकन किया जाये तथा अपने क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाना व उनका संस्थागत प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। समस्त आशा व एएनएम से अपने कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक सहजन लगायें जाने का भी आह्वान भी किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने संबोधन में उपस्थित समस्त आशाओं में एएनएम को 10 बिंदुओं के विषय में विस्तृत रूप से बताया। आशा सम्मेलन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज कुमार विश्नोई, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनमोहन शर्मा व डॉ. विश्वास अग्रवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, डीईआईसी प्रबन्धक मनु तेवतिया समस्त ब्लॉक के ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक तथा बी.सी.पी.एम. आदि भी उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या मामले में थाना असमोली पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**संभल(सब का सपना):-** पुलिस ने दहेज हत्या के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त जय चंद्र को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें यह कार्रवाई दर्ज एक मामले के तहत की गई, जिसमें वादी जसपाल, निवासी हसनगढ़, थाना रजपुरा, जिला सम्भल, ने अपनी पुत्री की मृत्यु के लिए ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया था।
जानकारी के अनुसार, वादी ने शिकायत दर्ज की थी कि उनकी पुत्री को ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके चलते घरेलू कलह के कारण उनकी पुत्री की मृत्यु हो गई। इस मामले में थाना असमोली पर मुकदमा बीएनएस और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आज, थाना असमोली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त जय चंद्र, पुत्र मिथुन कुमार, निवासी ग्राम अकबरपुर, थाना असमोली, जिला सम्भल को मनोटा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप-निरीक्षक राज सिंह और कांस्टेबल राजीव कुमार शामिल थे। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

## सेवानिवृत्त सैनिक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया सम्मानित



**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** पैंतिस बर्ष तक अनवरत सेना में नायब सूबेदार पद पर सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होकर ग्राम सभा पुरैनी टोला विजयपुर के पारस गुप्ता लौटे तो गांव के लोगों ने पुष्प बरसाकर स्वागत किया यह कार्यक्रम सैनिक संगठन के भाजपा टेकुआटार मण्डल अध्यक्ष राजेश राव के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोगों के द्वारा सम्मानित किया गया। उसके बाद गांव में उनके सम्मान में एक रैली निकली गई। यह रैली न केवल एक सैनिक के लिए थी, बल्कि उन मूल्यों के लिए भी जिन्हें वह अपने साथ लाया था। रैली जब गांव के चौराहे ओर रुख किया, तो रास्ते के हर घर से आशीर्वाद मिला और पूषप बरसाया गया और भारत माता की जयकारे लगे। सेना में नायब सूबेदार पद पर देश के हर हिस्से में रह कर नौकरी करने वाले पारस गुप्ता ने समाज में एक अलग पहचान बना चुके हैं जब सेवानिवृत्त हुए तो उनके लिए एक भावुक छड़ था उन्होंने ने अपने नौकरी काल का अनुभव का साझा करते हुए कहा कि हम अपने कर्तव्यों को पूरे मनोयोग से पूरा किया गया है देश की रक्षा करने के लिए हम सेना के लोग दिन रात एक कर के सुरक्षा दी जाती है इस अवसर पर पारस नाथ कुशवाहा, संजय सिंह, राजाराम कुशवाहा, जयश्री कुशवाहा, गौरीशंकर कुशवाहा, कुलदीप सिंह, दीनदयाल कुशवाहा, मिंटू गिरि, हरिओम कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, गोरख कुशवाहा, खजांची कुशवाहा, शुभनरायण, राजेंद्र, छोटू गुप्ता, सुनील, सचिदानंद कुशवाहा, इदरीस अंसारी, अमन गौतम, विवेक, राकेश सिंह, दयानंद कुशवाहा, सुरेन्द्र कुशवाहा, त्रिवेणी कुशवाहा मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्टी के नये जिला कार्यालय का पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने किया भव्य उद्घाटन



**संवाददाता**
**कुशीनगर।** पडरौना नगर के बलूचहां रोड स्थित चिराग मैरिज हॉल के समीप कांग्रेस पार्टी के नये जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन उड़ीसा कांग्रेस के प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू' के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री लल्लू ने ब्लॉक अध्यक्षों, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं तथा जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और जमीनी कार्यकताओं की भूमिका पर विशेष बल दिया। अजय कुमार लल्लू ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। जब तक हर बूथ, हर गांव में संगठन नहीं खड़ा होगा, तब तक बदलाव संभव नहीं। हम सबको मिलकर जनसरोकार से जुड़ना है और जनता की लड़ाई सड़क से सदन तक मजबूती से लड़नी है।कांग्रेस के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कुशीनगर जनपद के प्रभारी आलोक प्रसाद ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि समर्पण, संघर्ष और सेवा की प्रतीक बनेगा। हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह लोगों के बीच जाकर पार्टी की विचारधारा और नीतियों को पहुंचाए।" कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की ऋण की हड्डी कार्यकर्ता हैं जिन्हें मजबूती से एक दूसरे के साथ जुड़े रहना है हम जुड़े रहेंगे तभी आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में जनहित की कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री रविन्द्र विश्वकर्मा ने की। साथ ही वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर सिंह ने संचालन किया कार्यक्रम महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई तथा सेवादल के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी कुशीनगर में संगठनात्मक स्तर पर मजबूत होकर जनता की आवाज बुलंद करने को तैयार है।

## लखनऊ में युवक की लिफ्ट हादसे में हुई थी मौतः पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर




**लखनऊ।** पीजीआई में इलाज कराने आए गाजीपुर निवासी युवक की साई यश रेजीडेंसी की लिफ्ट हादसे में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने इस मामले में बीबीडी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि अपार्टमेंट में लिफ्ट खराब होने की शिकायतें पहले से दी जा चुकी थीं, लेकिन मेंटेनेंस टीम ने इस पर ध्यान नहीं दिया था। गाजीपुर के युवराजपुर निवासी विजय यादव बीते कुछ वर्षों से पीजीआई लखनऊ के यूरोलॉजी विभाग से इलाज करवा रहे थे। इलाज के दौरान वे बीबीडी इलाके की साई यश रेजीडेंसी के फ्लैट नंबर 505 में अपने मित्र सुधीर गुप्ता के साथ रह रहे थे। घटना 24 जुलाई की शाम करीब 4:28 बजे की है। रोज की तरह विजय लिफ्ट से नीचे उतर रहे थे, तभी लिफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई। वे सीधे डक्ट में गिर पड़े। जोरदार चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने विजय की पत्नी आरती यादव को फोन पर हादसे की जानकारी दी। 25 जुलाई को पंचनामा और पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव गाजीपुर भेजा गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की पत्नी आरती यादव का आरोप है कि अपार्टमेंट में लिफ्ट की खराबी को लेकर पहले से कई शिकायतें की गई थीं, लेकिन बिल्डिंग प्रबंधन और मेंटेनेंस इंचार्ज ने लापरवाही बरती। आरती ने कहा कि उन्हें पहले ही आशंका थी कि ऐसी लापरवाही कभी भी जानलेवा साबित हो सकती है और वही हुआ। आरती यादव ने बताया कि पति की अचानक मौत से वे मानसिक रूप से बेहद दुखी थीं, इसीलिए एफआईआर दर्ज कराने में कुछ दिन की देरी हुई। 3 अगस्त को उन्होंने बीबीडी थाने में लिखित तहरीर देकर केस दर्ज कराया और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# संजय गांधी हॉस्पिटल का कार्डियोलॉजी विभाग हार्ट के मरीजों के लिए है वरदान-

## अब तक करीब 500 मरीजों का हुआ सफल आपरेशन

**अमेठी(सब का सपना) आदित्य बरनवाल अमेठी।** जिले के मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल लगातार स्थानीय स्तर पर मरीजों की सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रहा है। कार्डियोलॉजी विभाग में एंजियोग्राफी एनजीओ प्लास्टिक ( हृदय में छल्ला डालने की विधि) पेसमेकर ( हृदय के उचित कार्य हेतु मशीन लगाना) बाईपास सर्जरी जैसी जटिल आपरेशन सफलता पूर्वक किये जा रहे है। साथ ही अन्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिल रही है। इसके लिए मरीजों को अब तक लखनऊ दिल्ली जैसे महानगरों की दौड़ लगानी पड़ती थी। जिले में मात्र एक ऐसा अस्पताल है जहां कार्डियो विभाग संचालित हो रहा है और मरीजों को सुविधा मिल रही हैं। कार्डियो विभाग में पिछले एक वर्ष में अब तक कार्डियोलॉजी विभाग में




324 मरीजों की एनजीओ एंजियोग्राफी तो 166 मरीजों की एनजीओ प्लास्टिक सफलतापूर्वक की गई है। वही पेसमेकर दहाई के अंक में मरीजों को लगाया गया है। तीन मरीजों की बैलूनिंग भी की गई है। इसके अलावा कार्डियोलॉजी विभाग में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर बनाया गया है जिसमें मरीज की आधुनिक तकनीक के माध्यम से बाईपास सर्जरी की जा रही है। सभी मरीज स्वस्थ हैं। हृदय रोग विभाग में विशेषज्ञ टीम में डॉक्टर सत्येंद्र तिवारी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर कुलदीप (कार्डियक सर्जन) डॉक्टर दीपक (कार्डियोलॉजिस्ट) डॉक्टर नीरज वर्मा, डॉ सिद्धार्थ अजय, डॉ इंद्र कुमार, डॉ कार्तिकेय की टीम मरीजों को बेहतर सेवाएं देने में जुटी है। अस्पताल प्रबंधन सीओओ अवधेश शर्मा ने बताया कि जिले में हृदय रोगियों के लिए बेहतर इलाज की सुविधा नहीं थी। अस्पताल प्रबंधन की ओर से कार्डियोलॉजी विभाग में आधुनिक तकनीक से सर्जरी सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध हैं। बताया कि आगे भी प्रयास किया जा रहा है कि मरीजों को और बेहतर सुविधाएं मिले। उन्होंने बताया कि आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के माध्यम से गरीब मरीजो को मुफ्त इलाज भी किया जा रहा है।

# गैंगेस्टर एक्ट में दस हजार का ईनामी गिरफ्तार

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 205/25 धारा 2/3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना मोहनगंज जनपद में वांछित व 10 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी महेश कुमार पुत्र मनीराम निवासी पूरे सुब्बा मजरे मद्दूपुर उमरवल थाना जगदीशपुर



जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त एक सक्रिय आपराधिक गैंग का सदस्य का है जिसका गैंग लीडर पंकज सिंह उर्फ राजू है । उक्त गैंग आर्थिक, भौतिक लाभ हेतु अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री स्थापित करने, हत्या का प्रयत्न करने, वाहन चोरी व मारपीट करने आदि समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहता है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद अमेठी में अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री स्थापित करने, मारपीट आदि आदि मामलों में अभियोग पंजीकृत हैं । खबर लिखे जाने तक गिरफ्तार ईनामी पर पुलिस के द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है थी।

## 15 अगस्त से पहले दिल्ली में हाई अलर्ट, ड्रोन और पैरा-ग्लाइडिंग पर लगा बैन




**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 को ध्यान में रखते हुए, दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों की उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, कुछ असामाजिक और आपराधिक तत्व पैरा-ग्लाइडर, पैरा-मोटर, हैंग-ग्लाइडर, ड्रोन्स (यूएवी/यूएएस), माइक्रोलाइट विमान, रिमोट से संचालित विमान, हॉट एयर बैलून, क्वाडकॉप्टर और अन्य शॉट हवाई यानों का उपयोग कर आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को खतरे में डाल सकते हैं। इस आशंका के मद्देनजर, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए पुलिस आयुक्त ने दो अगस्त से 16 अगस्त तक इन सभी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश की जानकारी प्रेस के माध्यम से सार्वजनिक की गई है और इसकी प्रतियां सभी डीसीएसपी कार्यालयों, तहसीलों, पुलिस स्टेशनों, एमसीडी, एनडीएमसी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए तथा दिल्ली कैंट बोर्ड के कार्यालयों में चस्पा की जाएंगी। यह कदम स्वतंत्रता दिवस के दौरान सुरक्षा को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर 20 वर्षीय अज्ञात युवती की मौत

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** रेलवे स्टेशन के पास शनिवार शाम लगभग 5 बजे एक दर्दनाक हादसे में एक 20 वर्षीय अज्ञात युवती की मौत हो गई। यह हादसा अमेठी स्टेशन परिसर के टैक्सी स्टैंड के समीप करीब शाम 5 बजे हुआ। जब युवती मालगाड़ी की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद टैक्सी चालकों और राहगीरों ने तत्काल आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा



बल) को सूचना दी। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान की प्रक्रिया शुरू की। हालांकि, युवती की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके पास से कोई भी पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच में घटना को संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस आत्महत्या और हादसे दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिससे मौत के कारणों की पुष्टि की जा सके। अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई इस युवती की पहचान कर सके, तो नजदीकी पुलिस थाने या आरपीएफ से संपर्क करें।

## हज यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 7 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार ने हज यात्रा-2026 पर जाने वाले हज यात्रियों को सूचित किया है कि सचिव/कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि हज कमेटी आफ इण्डिया ने सर्कुलर-06 दिनांक 31.07.2025 के माध्यम से हज-2026 के आनलाइन आवेदन हेतु अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 से बढ़ाकर 07 अगस्त, 2025 कर दी गयी है। जिन आवेदकों ने अपना रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वह तत्काल अपना आवेदन वेबसाइट http://www. hajcommittee. gov.in व हज सुविधा एप एवं जनपद के राज्यानुदानित मदरसों में बने हज ई-सुविधा/हज फैसिलीटेशन सेन्टर पर करा लें। जिन्होंने रजिस्ट्रेशन कर लिया है व ऑनलाइन आवेदन किन्हीं कारणों से पूर्ण नहीं किया है वह भी आवेदन को निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लें, अन्यथा वह हज-2026 में आवेदन से वंचित रह सकते हैं। जिन इच्छुक हज आवेदकों का भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट 31 दिसम्बर, 2026 तक वैद्य नहीं है वह अपने पासपार्ट के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में व्यक्गित रुप से मिलकर अपना पासपोर्ट शीर्ध निर्गत कराने हेतु अनुरोध करें, ताकि हज हेतु समयन्तर्गत आवेदन हो सके। हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि हज यात्रियों के चयन हेतु कुर्रा (आनलाइन लाटरी) अन्तिम तिथि के तत्काल बाद किया जायेगा। सभी चयनित हज यात्रियों को अग्रिम धनराशि रुपए 1,52,300/- दिनांक 20 अगस्त, 2025 तक हज कमेटी आफ इण्डिया के खाते में जमा करनी होगी।

## यमुना विहार में पेड़ों की अवैध कटाई एनजीटी सख्त, कहा- वृक्षों की सुरक्षा का जिम्मा उप वन संरक्षक पर

**नई दिल्ली।** पेड़ों की कटाई का मुद्दा काफी गंभीर है। इस समस्या के निदान के लिये प्रयास तो कई किये जा रहे हैं लेकिन उसका कोई उचित समाधान नहीं हो पा रहा है। चंद रुपयों के लालच में पेड़ों की अवैध कटाई की जाती है। यमुना विहार इलाके में पेड़ों की अवैध कटाई के एक मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उप वन संरक्षक (उत्तर) को जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह आदेश एनजीटी की प्रधान पीठ ने एसडी विंडलेश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। एनजीटी ने किया स्पष्ट याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि यमुना विहार स्थित एक मकान में एक निर्माणकर्ता ने गहरी




खोदाई की, जिससे एक पेड़ गिर गया और उसके साथ दो अन्य पेड़ भी क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने इस घटना की शिकायत बीती 15 जून को उप वन संरक्षक को दी थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। एनजीटी ने साफ कहा कि याचिकाकर्ता की पहली दो मांगें, प्राथमिकी दर्ज करने और परिसर सील करना, सीआरपीसी के दायरे में आती हैं। इसपर न्यायाधिकरण सीधे आदेश नहीं दे सकता है। इस कारण याचिकाकर्ता ने इन दोनों मांगों को वापस ले लिया है। 'पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करें' हालांकि, तीसरी मांग पर न्यायाधिकरण ने कहा कि दिल्ली पेड़ संरक्षण अधिनियम, 1994 के तहत उप वन संरक्षक की जिम्मेदारी बनती है कि वह पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और किसी भी उल्लंघन की स्थिति में तत्काल कानूनी कार्रवाई करें। अधिकारियों की निष्क्रियता पर पीठ ने नाराजगी जताई और आदेश दिया कि उप वन संरक्षक (उत्तर) शिकायतकर्ता की अर्जी पर बिना देरी किए आवश्यक कदम उठाएं। एनजीटी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में याचिकाकर्ता की कोई अन्य शिकायत हो तो वह फिर से एनजीटी का रुख कर सकता है।

## 30 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में दिनांक



थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राहुल सैनी पुत्र उर्फ वोडा पुत्र संतप्रसाद निवासी ग्राम पन्हौना थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । खबर लिखे जाने तक गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही थी।

## दिल्ली में जनता को मिलेंगी वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाएं', साकेत में बोले भाजपा सांसद बिधूड़ी



**दक्षिणी दिल्ली।** भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि अब दिल्ली में जन स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है और आने वाले दिनों में दिल्ली की जनता को वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगेंगी। दक्षिणी दिल्ली सांसद बिधूड़ी और महरौली विधायक व डीडीसी चेयरमैन गजेंद्र यादव ने शनिवार को साकेत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। सांसद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली में दस साल तक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रखा। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा अपनी संकीर्ण राजनीति के कारण लागू नहीं होने दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार ने सबसे पहले इस योजना को लागू किया। 10 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज अन्य राज्यों में इस योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज होता है, लेकिन दिल्ली सरकार ने अपनी ओर पांच लाख रुपए तक की और सुविधा देकर यह राशि 10 लाख रुपए कर दी है। अब तक दिल्ली में 4 लाख 37 हजार से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं और 3564 लोग इस कार्ड से अपना मुफ्त इलाज करा चुके हैं। दिल्ली में एक हजार से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य केंद्र खोले जा रहे हैं। इसके अलावा चार अधूरे पड़े अस्पतालों और एक दर्जन से अधिक अन्य अस्पतालों का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इस तरह दिल्लीवालों को अब इलाज के लिए कहीं भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। विधायक गजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि महरौली विधानसभा में कुल 15 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है, जिनमें से पहला केंद्र आज जनता को समर्पित कर दिया गया है। उन्होंने इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में एक ऐतिहासिक पहल बताया। इस अवसर पर डीएम लक्षय सिंघल, निगम पार्षद ममता यादव सहित दीपिका मोटवानी, रविन्द्र वर्मा, देवेंद्र सेजवाल, सुनील सनसनवाल, अजित डबास, पवन चौधरी, कुलदीप मलिक (डीडीसी प्रतिनिधि) उपस्थित रहे।


## 26 साल से फरार अपहरण और हत्या का आरोपी दिल्ली में गिरफ्तार; बिहार, राजस्थान और पंजाब में काटता रहा फरारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-रॉबरी स्क्वॉड सेल (अफ़्रउ) ने 26 साल से फरार एक भगोड़े राज किशोर उर्फ बड़े लल्ला को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी आयु 55 वर्ष है। वह उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात का रहनेवाला है। राज किशोर पहले एक दर्जी था। फिर वह अपराध की दुनिया में आ गया और अपहरणकर्ता और हत्यारा बन गया। उस पर 1993 में एक गारमेंट व्यवसायी के 8 वर्षीय बेटे का अपहरण और उसकी हत्या करने का आरोप है। जघन्य अपराध का विवरण पुलिस के अनुसार, साल 1993 में राज किशोर ने अपने साथी विजय के साथ एक व्यवसायी के बेटे का अपहरण किया और 30 हजार रुपये की फिरौती मांगी। फिरौती मिलने के बाद उसने बच्चे की गला



दबाकर हत्या कर दी और शव को कल्याणपुरी के पास एक नाले में फेंक दिया था। 2014 में घोषित हुआ भगोड़ा इस मामले में कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन में 28 दिसंबर, 1993 को एफआईआर दर्ज की गई थी। वर्ष 1996 में कड़कड़डूमा सत्र न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। फिर साल 1999 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने उसे छह सप्ताह की पैरोल दी। इसका फायदा उठाकर वह फरार हो गया। 2009 में उसकी अपील खारिज हो गई और 2014 में उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था। निरंतर पीछा और गिरफ्तारी एचसी मिंटू यादव को मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर, एआरएससी ने एचसी नवीन कुमार, एचसी अमित कुमार, अभिनव त्यागी, एचसी अनुज, और इंदरजीत सिंह की एक टीम गठित की। इसके बाद पुलिस टीम ने राज किशोर को कानपुर के बाहरी इलाके में ढूंढ निकाला। शुरूआत में पुलिस की छापेमारी की हर कार्रवाई बेकार जा रही थी क्योंकि उसे स्थानीय लोगों से छापे की जानकारी मिल जा रही थी। मगर दो महीने के ऑपरेशन के बाद अंततः यह शातिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। 2 अगस्त को गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। चाहता था जल्दी अमीर बनना पूछताछ में राज किशोर ने खुलासा किया कि उसने बिहार के पटना में चार साल, राजस्थान के जयपुर में तेरह साल और पंजाब के बरनाला में तीन साल तक छिपकर समय बिताया। वह कभी-कभी कानपुर जाता था। कोविड काल में उसने कानपुर देहात में दर्जी की दुकान शुरू की।

## लगातार बारिश से धान की फसलों को लाभ, जनजीवन प्रभावित



**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** जनपद में लगातार रात से हो रही बारिश जहां एक ओर किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है, वहीं दूसरी ओर आम जनजीवन को भी इससे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में लगी धान की फसलों को इस बारिश से विशेष रूप से लाभ मिल रहा है, जिससे किसान खुश नजर आ रहे हैं। हालांकि, लगातार बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है और कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को मकान गिरने का खतरा भी सताने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवारों ने एहतियात के तौर पर अपने घर खाली करना शुरू कर दिया है। प्रशासन की ओर से लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां पुराने व कमजोर मकान हैं।

## सावन के पावन महीने में बाबा मुकुट नाथ मंदिर, ताला में रुद्राभिषेक और 12 ज्योतिर्लिंग का पूजन संपन्न-

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** सावन महीने के पवित्र अवसर पर आज रविवार को अमेठी के प्राचीन बाबा मुकुट नाथ मंदिर, ताला में शिवभक्तों द्वारा विशेष रुद्राभिषेक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के 12 ज्योतिलिंगों की प्रतिकृति स्थापित कर विधिवत पूजन व अभिषेक किया गया। पूजन-पाठ और रुद्राभिषेक में अमेठी के प्रमुख श्रद्धालु संचित पाण्डेय, धर्मेन्द्र पाण्डेय, गोपाल बरनवाल, राकेश मिश्र, पाण्डेय भोजनालय के चिंटू पाण्डेय, साहुल, शिवम प्रजापति, मीना प्रजापति, आशीष ऊर्फ अतुल शुक्ला, ओम पाण्डेय,नवीन गुप्ता



तथा गणेश पाण्डेय सहित कई अन्य शिवभक्तों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयघोष से भक्ति का माहौल व्याप्त रहा।

# सर्पदंश की घटनाओं की रोकथाम हेतु एडीएम ने जारी की एडवाइजरी

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने बताया है कि जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जनपद में सर्पदंश के कारण होने वाली घटनाओं को न्यूनीकृत किये जाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में सर्पदंश की घटनाओं को न्यूनीकृत करने के दृष्टिगत राहत एवं बचाव के सम्बन्ध में क्या करें, क्या न करें की एडवाइजरी जारी की है। उन्होने बताया है कि भारत में लगभग 270 से अधिक सांपों की प्रजातियॉ पायी जाती है जिनमें से केवल कुछ ही जहरीले होते है। भारत में बिग फोर जहरीले सांपों को सबसे खतरनाक माना जाता है। उन्होने करैत सर्प के सम्बन्ध में बताया है कि रंग चमकदार, काला या नीला, सफेद पतली धारियॉ है। इसके काटने पर बहुत हल्का दर्द या बिल्कुल दर्द नहीं होता है लेकिन जहर बहुत तेजी से असर करता है। मांसपेशियों में लकवा, सांस लेने में दिक्कत होती है। सर्प कोबरा का रंग काला, भूरा या पीला होता है, फन फैलाने पर पीछे ह्यओम या चश्मा जैसा निशान होता है, इसके काटने से तेज दर्द, सूजन, उल्टी, सांस रूकना, मांसपेशियों में कमजोरी होती है। यह दिन और रात दोनो में सक्रिय होता है। सर्प रसेल वाइपर का रंग पीले-भूरे रंग पर गहरे गोल निशान होता है, इसके काटने से तेज दर्द, सूजन, रक्तस्त्राव, उल्टी, गुर्दे फेल हो सकते है। यह खासकर दिन में खेतो में सक्रिय होता है। सॉ-स्केल्ड वाइपर का रंग भूरा या ग्रे, जिगजैग पैटर्न का होता है, इसके काटने से बहुत दर्द, सूजन, खून जमने की समस्या, आंतरिक रक्तस्त्राव होता है, इसका सक्रिय समय रात में है। उन्होने सांप काटने के लक्षण के सम्बन्ध में दो छेद जैसे निशान, सूजन व दर्द, उल्टी, चक्कर, बेहोशी, सांस लेने में कठिनाई, खून जमने में दिक्कत (ब्लीडिंग) व लकवा या शरीर का सुन्न हो जाता है। सर्पदंश से बचाव के सम्बन्ध में बताया है कि रात में खुले में न सोएं, चारपाई का प्रयोग करें। घर के आस पास झाड़ियों और घास की सफाई रखे, खेत या जंगल में जूते और फुल पैन्ट पहनें। रात में टॉर्च/लालटेन लेकर चले। विशेषकर बारिश में दरवाजे और खिड़कियॉ बंद रखें। चूहों की सफाई करें क्योंकि सांप चूहों को खाने आते है। सांप काटने पर प्राथमिक उपचार के सम्बन्ध में बताया है कि व्यक्ति को शांत रखें ताकि जहर तेजी से न फैले। काटे गये अंग को हिलने न दें स्थिर रखें। काटा स्थान धोयें (साफ पानी या साबुन से)। व्यक्ति को सीधा अस्पताल ले जाये। अगर हो सके तो सांप का रंग/आकार याद रखें पर पकड़ने की कोशिश न करें। झाड़-फूंक या देसी इलाज में समय न गवायें, काटे अंग को चाकू से काटना, चूसना या बांधना हानिकारक है। पीड़ित को चलाना या दौड़ाना नहीं चाहिये। ईलाज और एंटीवेनम के सम्बन्ध में बताया है कि भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पतालों में पॉलीवैलेंट एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) उपलब्ध है जो बिग फोर सांपों के जहर पर काम करता है। जितना जल्दी एंटीवेनम दिया जाये, उतनी ही ज्यादा बचने की सम्भावना है। महत्वपूर्ण नम्बरों जैसे-एम्बुलेन्स-108/102, आपातकालीन सहायता-112, अन्य आवश्यक सहायता हेतु 1077, स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र/पीएचसी/सीएचसी से सम्पर्क करें।

# पीएम किसान सम्मान निधि के तहत प्रदेश के 16 लाख 77 हजार किसानों के खातों में 353 करोड़ रुपये की डाली गई राशि



हरियाणा : हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है यानि हमें अपने देश में ही चीजों का निर्माण कर उपयोग करना है क्योंकि रोजगार तब बढेगा जब हम अपने देश में ही इन चीजों एवं वस्तुओं का निर्माण करेंगे और हिन्दुस्तान में बनी वस्तुओं का प्रयोग करेंग। श्री अनिल विज आज प्रधानमंत्री किसान उत्सव कार्यक्रम के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र तेपला, अंबाला में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित कर रहे थे। जिला अम्बाला में 20वीं किस्त के तहत 46431 लाभार्थी किसानों को 9 करोड 28 लाख 62 हजार रूपए की राशि स्थानांतरित करने का काम किया गया है। श्री विज ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने न केवल आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी मजबूत पहचान भी बनाई है और प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों से देश का हर क्षेत्र कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजीटल इंडिया, स्टार्टअपस, महिला सशक्तिकरण व बूनियादी ढांचे में भी तेजी से विकास हुआ है। हम सब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को नमन करते हैं जिन्होंने किसानों को केवल वोट बैंक नहीं बल्कि राष्ट्र निमार्ता माना है और कृषि को आधुनिकता से जोडड्ने का काम किया है। उनका विजन 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है जिसमें किसान का भी अहम योगदान होगा। देश के किसानों को दिए गए भरोसे और यकीन का प्रमाण किसान सम्मान निधि की राशि - विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दी जाने वाली राशि देश के किसानों को दिए गए भरोसे और यकीन का प्रमाण है। श्री कृष्ण लाल पंवार रोहतक में आयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित कर रहे थे। इस योजना ने भारत के करोड़ों किसानों के जीवन को बदल दिया है। छोटे व मध्यम वर्ग के किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। नायब सरकार इस बात पर विशेष फोकस कर रही हैं कि कोई भी पात्र किसान इस योजना से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए रोशनी की नई किरण है- शिक्ष मंत्री महिपाल ढांडा हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शनिवार को जिला पानीपत में किसानों के लिए आयोजित किसान उत्सव कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत राजनीतिक सोच के बगैर देश तरक्की नहीं कर सकता। हमें स्वदेशी सामान को अपनाना होगा। इससे हम पूरी तरह से हम आत्मनिर्भर बनेंगे। जिसका विदेशों को अपने आप जवाब मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत जिला पानीपत में 47 हजार 592 किसानों के खाते में 9.51 करोड़ की राशि डाली गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना किसानों की जिंदगी में एक नई उम्मीद की किरण जगा रही है। यह योजना किसानों की जिंदगी में खुशहाली व समृद्धि लाएगी। देश का किसान धरती को सींच कर, अपना पसीना बहाकर, पूरे देश के लिए अन्न उगाता है। यह योजना सिर्फ पैसे देने की नहीं, सम्मान देने की योजना है। पीएम मोदी का विजन और योजनाएं बना रही हैं भारत को आत्मनिर्भर और विकसित - विपुल गोयल

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20 वीं किश्त जारी की है। उन्होंने जिला फरीदाबाद में सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकल फॉर वोकल के लिए जो बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कही है वो हम सबके छोटे से प्रयास से देश की दिशा और दशा बदल सकते है।

## अनिल विज का स्वास्थ्य ठीक नहीं इसलिए नहीं दी दूसरे हलके की जिम्मेदारी, अपने ही बयान से पलटे मंत्री



**रोहतक :** रोहतक पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार ने शनिवार को रोहतक में परिवहन मंत्री अनिल विज को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा वह पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उनके ऊपर मंत्री होने के साथ अंबाला की भी जिम्मेदारी है।वहीं, उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं चल रहा इसलिए उनको दूसरे हलके की जिम्मेदारी नहीं दी गई। पंवार शनिवार को स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। विपक्ष के विधायकों को दी विकास कार्यों के लिए राशि मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सरकार का मकसद हारे हुए प्रत्याशियों को नीचा दिखाना नहीं है, बल्कि हलकों में विकास कार्य करवाना है जिससे लोगों की समस्याओं का सही ढंग से समाधान हो सके। सरकार ने विपक्ष के विधायकों को विकास कार्यों के लिए 3-3 करोड़ रुपये दिए हैं। साथ ही 75 किलोमीटर तक सड़क बनवाने के लिए बजट दिया है। विपक्ष के विधायकों यह जनता को बताना चाहिए। मंत्री ने शाम को जारी किया बयान वहीं, शनिवार देर शाम पंवार ने एक बयान जारी कर कहा कि अनिल विज एक अत्यंत सम्माननीय, अनुभवी और जनसेवा को समर्पित नेता हैं। उनका दशकों का राज नीतिक अनुभव, सरलता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें बेहद लोकप्रिय बनाती है। पंवार ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके एक बयान को तोड़-मरोड़ कर और गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। विज का राजनीतिक अनुभव कई जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पंवार ने कहा कि वह विज का मान-सम्मान करते हैं। पूरे प्रदेश से लोग उनके पास सम स्याएं लेकर पहुंचते हैं और वे बिना भेदभाव सबकी मदद करते हैं।

## यमुनानगर में तालाब में डूबने से बच्चे की मौत, खेलते-खेलते तालाब के किनारे पहुंच गया था मासूम



**यमुनानगर :** यमुनानगर के गांव ससौली में 6 साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था कि खेलते खेलते वह गांव के बाहर बने हुए तालाब के किनारे पर पहुंच गया मिट्टी से पांव फिसला और बच्चा तालाब में जा गिरा। बच्चे को तालाब में गिरते ही ग्रामीणों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन तालाब में पानी गहरा होने के कारण महिलाएं बच्चे को बचा नहीं पाई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन गोताखोरों की मदद से तालाब तक पहुंचा और मासूम बच्चे को बाहर निकला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जैसे ही मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भेजा तभी ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया। बाद में प्रशासन ने तालाब बनाने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया और तब जाकर ग्रामीण सड़क से हट गए।

## हरियाणा वासी अब ऐ सी बसों में कर सकेंगे हरिद्वार, वृंदावन और नैनीताल का सफर



**हरियाणा :** हरियाणा वासियों के लिए राहत की खबर आई है। अब रोहतक से हरिद्वार, वृंदावन और नैनीताल का सफर आसान हो जाएगा, क्योंकि अब इन रूटों पर जल्द ही एसी बसें दौड़ने शुरू कर हो जाएंगी। जिसके बाद हरिद्वार, वृंदावन और नैनीताल जानें वाले यात्री ऐ सी बसों में यात्रा करेंगे। इसकी मंजूरी के लिए परिवहन विभाग ने मुख्यालय को पत्र भेजा है। दरअसल परिवहन विभाग की ओर से रोहतक डिपो के बेड़े में 10 नई ऐ सी बसें मिली हैं। इन बसों को धार्मिक मार्गों पर चलाने के लिए रोडवेज अधिकारी तैयारियों में लगे हुए हैं। बसों की पासिंग की प्रक्रिया आरटीए से कराई जा रही है, जो फाइनल स्टेज पर है। डेढ़ गुना लगेगा किराया वहीं रोडवेज के मुख्य निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इन रूटों पर ऐ सी बसों में सामान्य बसों की तुलना में डेढ़ गुना ज्यादा किराया लगेगा। रोहतक से हरिद्वार तक सामान्य बस में 365 रुपए, वृंदावन के 250 रुपये और नैनीताल जाने के लिए करीब 572 रुपये किराया लगता है। ऐसे में इन बसों का डेढ़ गुना किराया लागू किया जाएगा।

## युवक को बाइक से घसीटने के मामले में बदमाश गिर-फ्तार, वारदात में इस्तेमाल लोहे का सरिया भी बरामद



**पलवल।** कैंप थाना पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमले करने और उसे बाइक से घसीटने के मामले में बदमाश को गिरफ्तार किया है। कैंप थाना पुलिस ने आरोपित से वारदात में इस्तेमाल किया गया लोहे का सरिया भी बरामद किया है। कैंप थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में इस्लामाबाद के रहने वाले जय किशन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 31 जुलाई की रात उसका भाई गौरव, गोविंदा के बुलाने पर बाहर गया था। देर रात उसे सूचना मिली कि कुछ युवक गौरव को बुरी तरह पीटकर बाइक से घसीट रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर जय किशन ने देखा कि उसका भाई गौरव खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा था और कई युवक उसे पीट रहे थे। शिकायत कर्ता ने आरोपितों में रावण उर्फ सागर, जसवंत, दिनेश उर्फ बनिया, हसीन उर्फ मक्खी, निसार, लोकेश, गौरव, गोविंदा, तारिफ, रमेश और एक अन्य युवक का नाम लिया। जय किशन को देखकर निसार भाग गया, जबकि रावण ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 11 आरोपितों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपित रावण उर्फ सागर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित के आपराधिक रिकॉर्ड के मुताबिक, उसके विरुद्ध पलवल के विभिन्न थानों में लूट, जानलेवा हमला और चोरी जैसे सात गंभीर मामले दर्ज हैं। आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपितों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पलवल में कैंप थाना पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा हमला करने और उसे बाइक से घसीटने के मामले में रावण उर्फ सागर नामक एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से वारदात में इस्तेमाल लोहे का सरिया भी बरामद किया है। आरोपी पर पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## फरीदाबाद श्री होम्स सोसायटी में बिल्डर की मनमानी से पब्लिक परेशान, मनमानी वसूली के बाद भी नहीं हो रहे काम



**फरीदाबाद।** सेक्टर-45 स्थित श्री होम्स सोसायटी के लोगों ने बिल्डर और मेंटनेंस एजेंसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि हर महीने 3200 रुपये (प्रति फ्लैट) मेंटेनेंस शुल्क वसूलने के बाद भी बिल्डर लोगों को बुनियादी सुविधाएं नहीं दे रहा है। जिससे 600 से ज्यादा परिवारों में नाराजगी है। मेंटेनेंस शुल्क वसूलने के बाद भी सुविधाएं नहीं स्थानीय निवासी शुभम, अजय शर्मा, पवन, भूपेंद्र, मोहित, अभिषेक कुमार गुप्ता और रमेश शर्मा ने बताया कि 2019 मे सर्वोम बिल्डर की ओर से प्रोजेक्ट लांच किया गया था। बुकिंग के समय फ्लैट्स की कीमत 27 लाखा थी। वर्तमान में दो बीएचके और तीन बीएचके फ्लैट्स की कीमत बढ़कर 60 लाख से अधिक है। बिल्डर ने करीब डेढ़ वर्ष पहले सोसायटी में रहने के लिए पजेशन देने शुरू कर दिया था। यहां करीब 1500 फ्लैट्स हैं और वर्तमान में 600 से अधिक परिवार रह रहे हैं। आरोप है कि बिल्डर अफोर्डेबल सोसायटी में 32000 रुपये प्रतिमाह मेंटेनेंस शुल्क वसूलने के बाद भी सुविधाएं नहीं दे रहा है। नाराज लोग एक बार फिर शनिवार को सड़कें पर उतरे। लगाएंगे जिला प्रशासन से गुहार स्थानीय निवासी मनोज, देवेंद्र, सौरभ, रवि यादव, प्रशांत और मनीष कुमार ने बताया कि अनियमित बिजली बिल से परेशान हो चुके हैं। इसलिए निवासियों ने एकत्र होकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया और प्रबंधन से जवाबदेही की मांग की। बिल्डर और मेंटेनेंस एजेंसी की ओर से बिना किसी पारदर्शिता के बिजली बिलों में मनमाना शुल्क जोड़ा जा रहा है। कई फ्लैटों में वास्तविक खपत से अधिक यूनिट चार्ज की गई। शिकायतों के बावजूद बिल्डर समाधान नहीं कर रहा है। मेंटेनेंस इंचार्ज राकी ने लोगों से बात की और 15 दिनों में समाधान तथा बिल का ब्यौरा एप पर निवासियों से साझा करने का आश्वासन दिया है। निवासियों का कहना है तय समय पर यदि जवाब नहीं मिलता और समस्या का समाधान नहीं होता तो जिला नगर योजनाकार कार्यालय में बिल्डर तथा मेंटेनेंस एजेंसी के खिलाफ शिकायत देंगे।

## हरियाणा के लाखों किसानों की बल्ले-बल्ले, खाते में आए इतने रुपये, फटाफट करें चेक




**चंडीगढ़ :** पी.एम. किसान सम्मान निधि के तहत हरियाणा के 16 लाख 77 हजार किसानों के खातों में 353 करोड़ रुपए की राशि डाली गई है। किसानों को 2-2 हजार रुपये की तीन किस्तों के रूप में सीधी सहायता दी जाती है। पंचकूला में पी.एम. किसान उत्सव दिवस राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इसके अलावा समारोह में कैबिनेट एवं राज्य मंत्रियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को दिए गए संबोधन को सुना गया। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जारी 20वीं किस्त का वितरण केवल एक वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि देश के किसानों को दिए गए भरोसे का प्रमाण है। यह उस संकल्प की पुनः पुष्टि है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्नदाता के कल्याण के लिए लिया है। मुख्यमंत्री ने 20वीं किस्त जारी करने के लिए प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। किसानों की समृद्धि से ही विकसित भारत संकल्प होगा पूरा प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए 4 स्तम्भों पर विशेष जोर दिया है। इनमें किसान, गरीब, महिला व युवा शामिल हैं। प्रथम स्तम्भ किसानों की समृद्धि से ही इस संकल्प को पूरा किया जा सकता है। प्रधानमंत्री के इसी विजन को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार किसानों की खुशहाली और कृषि क्षेत्र को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को भी कारगर ढंग से लागू कर रहे हैं। ये योजनाएं हमारी डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा को और गति से आगे बढ़ा रही है।

## हरियाणा में आफत बन रही बारिश, ड्रेनों व नहरों में बढ़ा पानी का दबाव



**हिसार:** हरियाणा में मानसून की सक्रियता बनी हुई है। कई जिलों में तेज बारिश होने से लगातार स्थिति बिगड़ती जा रही है। ड्रेनों व नहरों में पानी का दबाव बढ़ता जा रहा है। हिसार में एक डेन और एक नहर में पानी के बढ़ते दबाव के चलते दरार आ गई। इससे कई एकड़ एरिया में खेत जलमग्न हो गए। इसके अलावा नारनौंद, बरवाला एरिया में अनेक गांवों के खेतों में जलभराव है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बरवाला के जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। मौसम विभाग ने 6 अगस्त तक हरियाणा में तेज बारिश को लेकर वैली अलर्ट जारी किया है। हरियाणा में अब तक 27 प्रतिशत सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। इन दिनों में सामान्य तौर पर 208.8 मिलीमीटर बारिश होती है जो अब तक 264.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। हरियाणा में 24 घंटों के दौरान अम्बाला में 4.4, हिसार में 7.2, करनाल में 20.4, नारनौल में 3.5, रोहतक में 7.0, कैथल में 21.7, कुरुक्षेत्र में 16.0, बावल में 12.0, सिरसा में 4.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा फतेहाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम, जींद, पंचकुला, पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर में बारिश हुई।

## हरियाणा वासियों के लिए गुड न्यूज एलेक्ट्रिक व्हीकल्स की खरीद पर फिर मिल सकती है



**हरियाणा :** हरियाणावासियों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश के लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ) की खरीद पर फिर से छूट मिल सकती है। बता दें कि उद्योग-वाणिज्य एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि 40 लाख रुपए तक के वाहनों को फिर से सब्सिडी के दायरे में लाया जाएं। अगर सैनी सरकार यह स्कीम लागू करती है तो 2 पहिया इलेक्ट्रिक वाहन (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ) पर कम से कम 15 हजार और कार पर डेढ़ लाख से 6 लाख रुपए तक का फायदा हो सकता है। वहीं दिल्ली की बात करें तो यहां 15 प्रतिशत की छूट मिलती है, इसलिए ज्यादातर लोग दिल्ली में अपना ईवी रजिस्ट्रेशन करवाते हैं।

## हरियाणावासी रहें सावधान! इस दिन तक लगातार होगी बारिश, आई एम डी ने जारी किया अलर्ट




**हरियाणा :** हरियाणा में मौसम सुहावना हो गया है। आज सूबे में मौसम खराब रहेगा। मौसम विभाग ने 7 जिलों में तेज बारिश की संभावना जताई है। जिनमें यमुनानगर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह और पलवल शामिल हैं। इन जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा कई जिलों में 25 से 50 प्रतिशत बारिश की संभावना जताई गई है। 6 अगस्त तक खराब रहेगा मौसम मौसम विभाग ने सुबह साढ़े 6 बजे फ्लैश अलर्ट जारी कर नूंह, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला और यमुनानगर जिलों में हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। वहीं जींद, रोहतक, झज्जर, सोनीपत, पानीपत, करनाल, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और सिरसा जिलों व इनके आसपास के क्षेत्रों में बूंदाबांदी के आसार हैं। हालांकि प्रदेश में 6 अगस्त तक मौसम खराब रहेगा।

## दर्दनाक: घर से कार लेकर दिल्ली जा रहा था 17 वर्षीय छात्र, रास्ते में मिली मौत



गन्नौर : गन्नौर क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में 17 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मृतक सक्षम पानीपत का रहने वाला था। सक्षम अपनी कार से किसी काम से दिल्ली जा रहा था। जैसे ही वह जीटी रोड पर चौखी ढाणी के पास पहुंचा तो उसकी कार अचानक डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे में सक्षम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। कार का संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गाड़ी का संतुलन बिगड़ने का कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे स्वजन को सौंप दिया है। सक्षम 12वीं कक्षा का छात्र था। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। सक्षम शनिवार की अल सुबह अपने घर से कार लेकर दिल्ली के लिए निकला था। उसकी असमय मृत्यु से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। स्वजन ने बताया कि उन्हें यह भी नहीं पता था कि सक्षम घर से कार लेकर कब निकला। गन्नौर क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में 17 वर्षीय छात्र की मौत हो गई।

## जियो फेंसिंग हाजिरी सिस्टम का विरोध; स्वास्थ्य कर्मियों का एलान, 4 अगस्त को एक घंटे का कार्य बहिष्कार

**हरियाणा :**में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने जियो फेंसिंग आधारित हाजिरी सिस्टम के विरोध में सोमवार, 4 अगस्त को एक घंटे के लिए कार्य बहिष्कार करने का एलान किया है। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी-कर्मचारी तालमेल कमेटी, हरियाणा ने प्रदेशभर के सभी जिलों में सिविल सर्जन कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन का फैसला लिया है। शर्मिला ने बताया कि 3 अगस्त को सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। इस दौरान सिविल सर्जन कार्यालयों पर गेट मीटिंग आयोजित की जाएगी और सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कमेटी ने मांग की है कि जियो फेंसिंग सिस्टम को तुरंत वापस लिया जाए।

# इंग्लैंड की धरती पर टीम इंडिया ने कर दिया कमाल, पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में बने कुल 3809 रन

**लंदन (एजेंसी)।** मौजूदा समय में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इसके तहत अबतक दोनों टीमों के बीच चार टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। जहां मेजबान इंग्लैंड 2-1 से आगे चल रही है। ऐसे में भारतीय टीम को किसी भी हाल में पांचवां और आखिरी टेस्ट जीतकर सीरीज को 2-2 से बराबर करना होगा। हालांकि, इस सीरीज में अभी तक खूब रन बने हैं। जो की अपने आप में एक बड़ा रिकॉर्ड है।

दरअसल, पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में भारत ने कुल 3,890 रन बनाए हैं। इनमें सबसे बड़ा योगदान कप्तान शुबमन गिल का है। जिन्होंने सीरीज में 754 रन बनाए। वहीं अन्य बल्लेबाजों ने भी अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया है।

इस सीरीज में भारत ने कुल 3809 रन बनाए हैं। किसी पारी में भारतीय टीम का सबसे बड़ा स्कोर बर्मिंघम में आया जब उसने 587 रनों का पहाड़ खड़ा किया। इसी विशाल स्कोर के कारण टीम इंडिया को बर्मिंघम टेस्ट में एकमात्र 336 रनों से जीत हासिल हुई।

टीम इंडिया ने लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट की दोनों पारियों में कुल 835 रन बनाए। वहीं बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने कुल 1,014 रन बना डाले। तीसरे टेस्ट की दोनों पारियों में कुल मिलाकर 557 रन और चौथे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों ने 783 रन बनाए। ओवल टेस्ट में भारत ने 620 रन बनाए। जिसके बलबूते पूरी टीम ने पूरी सीरीज में 3,809 रन बनाए।

हालांकि, इस उपलब्धि में किसी एक खिलाड़ी का नाम लेना न्यायपूर्ण नहीं होगा। जहां सबसे ज्यादा रन कप्तान शुभमन गिल ने बनाए। जिनके बल्ले से 754 रन निकले। इस दौरान गिल ने 4 शतक भी लगाए। दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी केएल राहुल रहे, जिन्होंने 2 शतकों की बदौलत 532 रन बनाए। रविंद्र जडेजा ने भी अपनी बल्लेबाजी से सभी को काफी प्रभावित किया। 5 अर्धशतक और एक सेंचुरी ठोककर उन्होंने 516 रन बनाए। साथ ही चोट के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर होने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 479 रनों का योगदान दिया।



# बीसीसीआई उम्र-धोखाधड़ी के मामलों को रोकने बाहरी एजेंसी को नियुक्त करेगी

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उम्र-धोखाधड़ी के मामलों को रोकने के लिए अब कड़े कदम उठाने जा रही है। इसी के तहत ही खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी नियुक्त की जाएगी। बोर्ड के अनुसार आयु-धोखाधड़ी और खिलाड़ियों की योग्यताओं की जांच के लिए एक बाहरी एजेंसी नियुक्ति की जा रही है। हाल ही में सत्यापन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां भी मांगी गयी थीं। इस माह के अंत तक नई एजेंसी नियुक्त किये जाने की उम्मीद है। खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज या प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए जाने के मामले को बीसीसीआई ने गंभीरता से लिया है। बोर्ड का उद्देश्य किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की संभावना को समाप्त करना है। बोर्ड अभी दो-स्तरीय आयु-सत्यापन प्रणाली अपनाता है। पहले में दस्तावेजों और जन्म प्रमाण पत्रों की जांच शामिल है जबकि दूसरा अस्थि परीक्षण है, जिसे आमतौर पर टीडब्ल्यू3 (टैनर-व्हाइटहाउस 3) पद्धति के रूप में जाना जाता है। ये सत्यापन आमतौर पर लड़कों के लिए अंडर-16 स्तर पर और लड़कियों के लिए अंडर-15 स्तर पर किए जाते हैं।




बोर्ड ने बोली लगाने वाली संस्थाओं से अपेक्षित आवश्यकताओं की रूपरेखा बनायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोली लगाने वाली एजेंसियों के पास प्रतिष्ठित फर्मों को पृष्ठभूमि सत्यापन सेवाएं प्रदान करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इनमें कॉर्पोरेट कंपनियां शैक्षणिक बोर्ड/संस्थान और भर्ती निकाय शामिल हैं पर यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। इसके अलावा एजेंसी के पास एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क या सभी भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भौतिक और डिजिटल दोनों तरह से सत्यापन करने की क्षमता होनी चाहिए। बोर्ड आम तौर पर जुलाई और अगस्त में उम्र का सत्यापन करता है। इस वर्ष यह प्रक्रिया सितंबर तक भी बढ़ सकती है क्योंकि एजेंसी के इस महीने के अंत तक काम शुरू करने की उम्मीद है।

## धोनी बोले, अगले आईपीएल सत्र में ऋतुराज गायकवाड़ ही रहेंगे कप्तान



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा है कि वह अगले सत्र में भी ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में ही खेलेंगे। 2025 सत्र में ऋतुराज के चोटिल होने के बाद धोनी ने कप्तानी की थी। धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। इस सत्र में उन्होंने 14 लीग मैच खेले और 196 रन बनाए। गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद उन्होंने टीम की कप्तानी भी की पर टीम की तकदीर नहीं बदली और वह अंतिम स्थान पर रही।

आईपीएल 2025 में सीएसके के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कई प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों का मानना था कि धोनी अब अगले आईपीएल में नहीं खेलेंगे। वहीं सीएसके ने भी कहा कि धोनी जब तक चाहेंगे खेलते रहेंगे। धोनी के आईपीएल में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। एक वीडियो में जब उनसे उनके क्रिकेट भविष्य के बारे में पूछा गया, तो धोनी ने कहा, 'मुझे अगले पांच साल के लिए क्रिकेट खेलने की अनुमति मिल गई है पर डॉक्टर ने केवल आंखों के लिए अनुमति दी है. शरीर के लिए नहीं और मैं केवल आंखों से क्रिकेट नहीं खेल सकता।' इससे साफ है कि वह कभी भी संन्यास ले सकते हैं।

धोनी ने कहा कि ऋतुराज की वापसी से सीएसके की बल्लेबाजी अगले आईपीएल सत्र में मजबूत होगी। धोनी ने एक निजी कार्यक्रम में कहा, 'हम अपनी बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़ा चिंतित थे पर मुझे लगता है कि अब हमारी बल्लेबाजी क्रम काफी ठीक हुआ है। गायकवाड़ वापस आ रहे हैं, इससे काफी कुछ ठीक हो जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने आईपीएल 2025 में कमजोर खेला पर टीम चयन में कुछ गलतियां थीं जिन्हें हमें ठीक करने की जरूरत थी जिसे अब दिसंबर में एक छोटी नीलामी में ठीक किया जाएगा।'

# जेसन होल्डर की मदद से वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत, सीरीज में बराबरी की

**लॉडरहिल (अमेरिका) (एजेंसी)।** जेसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को 9 विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।



वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर 5 विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा। वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया। होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। यह वेस्टइंडीज की सात टी20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से हराया था।

## गावस्कर ने शुभमन को दिया उपहारों से भरा बैग

ओवल । महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक बैग भरकर उपहार दिये हैं। शुभमन ने इस दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 750 से ज्यादा रन बनाये हैं। वह हालांकि गावस्कर के एक सीरीज में बनाए सबसे ज्यादा 774 रनों का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाये हैं। ओवल टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर गावस्कर ने शुभमन को चीजों से भरा एक खास बैग उपहार में दिया। गावस्कर ने उन्हें अपनी एक शर्ट दी जिसमें एसजी के अक्षर थे। इसके अलावा ऑटोग्राफ वाली एक कैप भी दी। गावस्कर और शुभमन दोनों के ही शुरुआती नाम के अक्षर एसजी होते हैं। शुभमन ने इस सीरीज में चार शतक के साथ ही 10 पारियों में 754 रन बनाए हैं। वह गावस्कर के रिकॉर्ड को केवल 20 रनों से नहीं तोड़ पाये। गौरतलब है कि गावसकर ने साल 1970-71 में वेस्टइंडीज दौरे पर 154.80 की औसत से 774 रन बनाए थे। गावस्कर ने शुभमन से कहा कि अब वह अगली सीरीज में मेरा रिकार्ड तोड़ने का लक्ष्य रखें। गावस्कर ने कहा, 'बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, मैंने आपके लिए एक उपहार ये सोचकर तैयार किया था कि आप मुझे पीछे छोड़ देंगे पर इस बार नहीं होने पर आपके पास अगली सीरीज में लक्ष्य है। यह एक छोटा सा उपहार आपके लिए हैं। यह 'एसजी' अक्षरों वाली शर्ट है जो किसी ने मेरे लिए बनायी थी जिसे अब मैं आपको दे रहा हूँ। इसके साथ ही मेरे ऑटोग्राफ वाली एक कैप भी है।'

## कुलदीप और अभिमन्यु ने बिना खेले ही मोटी कमाई की

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गये दो क्रिकेटरों कुलदीप यादव और अभिमन्यु ईश्वरन को एक भी मैच में अवसर नहीं मिला। ऐसे में ये दोनो ही बिना खेले स्वदेश लौट जाएंगे। टीम संयोजन और संतुलन रखने की जरुरत के कारण कुलदीप और अभिमन्यु को भले ही अवसर नहीं मिला पर इनकी अच्छी खासी कमाई होती रही है। दोनो ने ही इस दौरे से तकरीबन एक करोड़ रुपये कमा लिए हैं। प्रत्येक सत्र में 50-75 फीसदी टेस्ट मैचों की अंतिम 11 में खेलने वाले खिलाड़ियों को 15 लाख मैच फीस के साथ प्रति मैच 30 लाख रुपये अलग से दिए जाते हैं। वहीं जो खिलाड़ी फीसदी मैचों में दल का हिस्सा तो रहता है पर उसे अंतिम ग्यारह में अवसर नहीं मिलता तो भी उसे हर एक मैच के लिए अलग से 15 लाख रुपये मिलते हैं। इस प्रकार कुलदीप और ईश्वरन को इंग्लैंड दौरे पर बिना खेले ही तकरीबन एक-एक करोड़ रुपए मिले हैं। वहीं साल 2024 में बीसीसीआई ने 'टेस्ट क्रिकेट इन्सेंटिव स्कीम' लॉन्च की थी, जिसके जरिए भारत में टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया था। इस स्कीम के तहत टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी एक साल में अच्छी कमाई कर सकते हैं। एक टेस्ट मैच खेलने के लिए भारतीय खिलाड़ियों को 15 लाख रुपये की मैच फीस मिलती है, लेकिन 'टेस्ट क्रिकेट इन्सेंटिव स्कीम' के तहत वो मैच फीस के अलावा ज्यादा पैसा कमा सकते हैं। बीसीसीआई की साल 2024 में लागू की गई 'टेस्ट क्रिकेट इन्सेंटिव स्कीम' के तहत जो खिलाड़ी एक सत्र में खेले गए 75 फीसदी या उससे ज्यादा मैचों की अंतिम ग्याह में खेलता है, उसे मैच फीस के अलावा प्रति मैच 45 लाख रुपये अलग से दिए जाते हैं। वहीं 75 फीसदी मैचों में दल में रहने के बाद भी अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलने पर भी खिलाड़ी को अलग से मैच फीस के अलावा प्रति मैच 22.5 लाख रुपये दिए जाते हैं।

## आकाश दीप परिपक्व बल्लेबाज की तरह खेले : बांगर



लंदन। पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर ने तेज गेंदबाज आकाश दीप की बल्लेबाजी की प्रशंसा की है। आकाशदीप ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां जारी पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 66 रन बनाये। अपनी इस पारी में आकाशदीप ने 12 चौके लगाकर तीसरे विकेट के लिए 107 रन बनाये। इससे भारतीय टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। बांगर ने कहा, आकाश दीप ने बेथेल के खिलाफ पहले ही ओवर में अवसरों का लाभ उठाया। दस दौरान वह एक परिपक्व बल्लेबाज की तरह संभल कर खेल रहे थे। इससे साफ है कि वह बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं। और ब्रिस्बेन टेस्ट मैच में भारत को फॉलोऑन से बचाने में उनकी अहम भूमिका रही थी। उन्होंने बहुत साहस से खेला और शॉर्ट गेंदों से वह प्रभावित नहीं हुए। उन्होंने कहा, उन्होंने अवसरों का पूरा लाभ उठाया। बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने संभलकर खेलते हुए विकेटों के बीच अच्छी दौड़ लगायी। यशस्वी जायसवाल का भी उस साझेदारी में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने पक्का किया कि आकाशदीप अपने जोन में बने रहें और दोनों ने मिलकर बड़ी साझेदारी की। भारतीय टीम इस मैच में अपनी पहली पारी में 224 रन ही बना पायी जबकि मेजबान टीम ने 247 रन बनाये थे। वहीं दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी ने 118 रन बनाए जबकि आकाश दीप के अलावा रवींद्र जडेजा और वाशिंगनट सुंदर ने अर्धशतक लगाये। इससे भारतीय टीम ने ने 396 रन बनाते हुए इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रनों का लक्ष्य दिया।

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का बड़ा फैसला, भविष्य में डब्ल्यूसीएल में नहीं लेगा हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है कि वह वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भविष्य में भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट की शासी संस्था के अनुसार, इंडिया लीजेंड्स द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल से हटने के फैसले के बाद डब्ल्यूसीएल का बयान और कार्रवाई 'पाखंड और पक्षपात से भरी' थी।




मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में वर्चुअल रूप से आयोजित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं बैठक में पीसीबी ने डब्ल्यूसीएलद्वारा जानबूझकर मैच हारने वाली टीम को अंक देने के घृणित आचरण और भारत बनाम पाकिस्तान लीजेंड्स मैचों को रद्द करने की घोषणा करने वाली डब्ल्यूसीएल की प्रेस विज्ञप्तियों की विषयवस्तु की काफी निराशा के साथ समीक्षा की, जो पाखंड और पक्षपात से भरी थीं।

पीसीबी के बयान में कहा गया है, 'उक्त प्रेस विज्ञप्तियों की विषयवस्तु लड़ाई को उजागर करती है जहां 'खेल के माध्यम से शांति' के आख्यान को चुनिंदा रूप से लागू किया जाता है और खेल आयोजनों को राजनीतिक स्वार्थ और संकीर्ण व्यावसायिक हितों का बंधक बना दिया जाता है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम को देखते हुए जो बाहरी प्रभाव के स्पष्ट और असहनीय पैटर्न और खेल तटस्थता के सिद्धांतों की अवहेलना को दर्शाता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कड़ा रुख अपनाने के लिए बाध्य है। पीसीबी अब ऐसे आयोजन में भागीदारी को बर्दाश्त नहीं कर सकता जहां निष्पक्ष खेल और निष्पक्ष प्रशासन के मूल सिद्धांतों को बाहरी दबावों के कारण नुकसान पहुंचाया जा रहा हो।'

शिखर धवन सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के लीग चरण में बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया था। दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल में फिर से मुकाबला होना तय था, लेकिन टीम इंडिया ने मैच से हटने का फैसला किया।

## कैनेडियन ओपन : नंबर 1 सीड गॉफ को हराकर क्वार्टर फाइनल में म्बोको



टोरंटो। विक्टोरिया म्बोको ने रविवार को ओम्नियम बैंक नेशनल में नंबर 1 सीड कोको गॉफ को 6-1, 6-4 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। क्वार्टरफाइनल मुकाबला सोमवार को खेला जाना है। विक्टोरिया म्बोको पिछले तीन वर्षों में टॉप आठ में पहुंचने वाली सबसे युवा महिला खिलाड़ी बनी हैं। इससे पहले गॉफ के नाम यह उपलब्धि थी। म्बोको ओपन एरा में कैनेडियन ओपन में टॉप सीड को हराने वाली दूसरी 'वाइल्ड कार्ड' खिलाड़ी हैं। इससे पहले स्टेफनी डुबोइस ने 2006 में किम क्लाइतजर्स के खिलाफ ऐसा किया था। 2009 में इस प्रारूप की शुरुआत के बाद से वह डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाली पांचवीं सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उनसे छोटी उम्र में यह कारनामा करने वाली खिलाड़ी केवल गॉफ (रोम 2021), मिर्रा एंड्रीवा (इंडियन वेल्स 2025), बेलिंडा बेंचिच (टोरंटो 2015) और काई चेन चांग (टोक्यो 2009) हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, म्बोको 1987 में हेलेन केलेसी के बाद 'कैनेडियन ओपन' में सबसे युवा कनाडाई क्वार्टर फाइनलिस्ट भी हैं। म्बोको ने इस सीजन की शुरुआत पीआईएफ डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर 333 से की थी। इस टूर्नामेंट में वह नंबर 85 रैंकिंग के साथ उतरीं, लेकिन कोको गॉफ पर मिली बड़ी जीत के बाद अब वह लाइव रैंकिंग में नंबर 53 पर पहुंच गई हैं। अगर वह एक और मुकाबला जीतती हैं, तो उनकी रैंकिंग सीधे नंबर 24 हो जाएगी। उनकी यह शानदार यात्रा लगातार 20 जीत और चार खिताब के साथ छोटे स्तर के टूर्नामेंट्स से शुरू हुई। रोम में खेले गए दूसरे डब्ल्यूटीए टूर इवेंट में उन्होंने क्वालीफाई किया और वहीं कोको गॉफ को दूसरे दौर में तीन सेट तक चुनौती दी। रविवार को खेले गए मुकाबले में म्बोको ने जबरदस्त संयम दिखाते हुए अपने खिलाफ आए सभी पांच ब्रेक प्वाइंट बचा लिए, जबकि गॉफ के खिलाफ पांच में से चार ब्रेक प्वाइंट को भुनाया। यही इस मुकाबले का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। म्बोको ने जबरदस्त आत्मविश्वास दिखाते हुए अपने खिलाफ सभी पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए, जबकि गॉफ के खिलाफ मिले पांच में से चार ब्रेक प्वाइंट को भुनाया। यही इस मैच का निर्णायक पहलू था। म्बोको सोमवार को क्वार्टर फाइनल में झू लिन और जेसिका बूजास मानेरो के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। दूसरे क्वार्टर फाइनल में 24वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्तयुक का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा। कोस्तयुक ने नंबर 28 मॅक्कार्टनी केसलर को एक लंबे मुकाबले में 5-7, 6-3, 6-3 से हराया, जो 2 घंटे 35 मिनट चला। रयबाकिना ने इसी तरह के एक मैच में 30वीं वरीयता प्राप्त दयाना यास्त्रेम्स्का को 5-7, 6-2, 7-5 से हराया।

# मार्केज की जगह कोच बने खालिद की पहली परीक्षा नेशंप कप फुटबॉल में होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मनोलो मार्केज की जगह पर भारतीय फुटबॉल टीम के नये कोच बने पूर्व फुटबॉलर खालिद जमील की राह आसान नहीं है। उनकी पहली परीक्षा नेशंप कप फुटबॉल में होगी। जिसमें भारतीय फुटबॉल टीम के प्रदर्शन पर सभी की नजरें रहेंगी। पिछले कुछ समय में कोई भी कोच टिक नहीं पाया है। मार्केज ने भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन के बाद अचानक ही अपना पद छोड़ दिया था। खालिद अभी इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मैनेजर हैं। नये कोच के लिए सबसे बड़ी परीक्षा नेशंस कप है। जिसमें वह चाहेंगे कि टीम अच्छा प्रदर्शन करे। पिछले कुछ समय में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और लंबे समय तक किसी एक कोच के नहीं होने से भी टीम को नुकसान हुआ है। अब देखना है कि खालिद इस कमी को कैसे पूरा करते हैं।



खालिद की साल 2017 में आइजॉल फुटबॉल क्लब को आई-लीग खिताब जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका रही भी। उनका चयन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति ने किया है। इस पद के लिए अन्य दो दावेदार पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविक थे। टारकोविक स्लोवाकिया की राष्ट्रीय टीम के कोच थे। दिग्गज स्ट्राइकर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम फैसले के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था। राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में सेवा देने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जिन्होंने 2011 से 2012 तक ये पद संभाला था। उसके बाद अब जमील को ये जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं बीच के दौर में सभी विदेशी कोच रहे थे।

# इस खेल में निरंतरता के साथ प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है : जायसवाल

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में 118 रनों की पारी खेलकर भारत को एक मजबूत स्थिति में पहुंचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि वह अपनी पारी को और बड़ा करना चाहते थे लेकिन अंत में वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

जायसवाल ने कहा, 'मैं और बेहतर करना चाहता था, मैं इससे बड़ी पारी खेलना चाहता था। अगर ऐसा होता तो मैं कुछ और भी हासिल कर सकता था। लेकिन ठीक है, मैंने इसके लिए काफी मेहनत की थी और मैं इसका लुत्फ उठा रहा हूं। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरी कोशिश यही रहती है कि जितना संभव हो सके उतनी देर बल्लेबाजी कर सकूं और मैं अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहा हूं।'

जायसवाल ने दो शतक और दो अर्धशतक के साथ इस सीरीज में कुल 411 रन बनाए। ओवल में लगाया जायसवाल का शतक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में उनका चौथा शतक भी है। जायसवाल ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों और कोच से उन्हें यही फीडबैक मिला था कि वह लगातार मेहनत करते रहें और उन्होंने कहा कि वह खुद भी यह मानते हैं कि इस खेल में निरंतरता के साथ प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है।

जायसवाल ने कहा, 'फीडबैक यही है कि लगातार मेहनत करते रहना है और जैसा कि हम सभी करते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं और हर दिन बेहतर करने का प्रयास करते हैं। मेरा मानना है कि क्रिकेट निरंतरता का खेल है तो हम यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास करते हैं कि हम अभ्यास सत्रों में कड़ी मेहनत करें। ताकि जब हम मैदान में उतरें तो खेल हमारे लिए आसान हो जाए। हम काफी मेहनत कर रहे थे। हमें पता है कि हम कैसे शॉट्स खेल सकते हैं और मुझे लगता है कि एक ही चीज को लगातार निरंतरता से करता रहना बेहद जरूरी है।'

जायसवाल का यह पहला इंग्लैंड दौरा भी था और उन्होंने कहा कि इस दौरे से उन्हें बतौर खिलाड़ी काफी कुछ सीखने को मिला है जिन्हें शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। जायसवाल ने कहा, 'मुझे लगता है कि जरूरी यह है कि मैं कैसे चीजों से लड़ता हूं। मेरी मानसिकता यही रहती है कि जैसी भी परिस्थिति सामने हो उनसे लड़ूं और खेल का लुत्फ उठाऊं। मैं अपने आप को यही समझाता हूं कि अंत में यह एक खेल है और इसका लुत्फ उठाना जरूरी है। इस दौरे से मैंने काफी कुछ सीखा है, मैं हर चीज तो नहीं बता सकता लेकिन मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक तौर पर इस सीरीज में मैंने काफी कुछ सीखा है और जिस तरह से मैंने और पूरी टीम ने पिछले दो महीने से मेहनत की है और इंग्लैंड सीरीज का लुत्फ लिया है वो काबिले तारीफ है।'

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने चर्चा भी जायसवाल के काफी काम आई और बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि गंभीर ने उनके साथ नेट्स पर मिलकर काफी काम भी किया था। जायसवाल ने कहा, ''हमारे बीच काफी चर्चा हुई है और हमने मिलकर नेट्स में काफी काम किया है। विशेष तौर पर इस पर कि मैं कैसे रणनीति को मैदान पर अमली-जामा पहना सकता हूं और खेल का लुत्फ उठा सकता हूं। कैसे गेंदबाज पर दबाव बना सकता हूं। सर (गंभीर) काफी मदद करते हैं और मैं लुत्फ उठा रहा हूं।'



## पाक टीम में कोई विवाद नहीं : कोच हेसन

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और टीम के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा है कि टीम में किसी प्रकार का विवाद नहीं है। इससे पहले कप्तान सलमान अली और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के बीच बढ़ते मतभेदों की बातें सामने आयी थीं। जिसको देखते हुए अब हेसन का बयान आया है। बोर्ड ने कहा कि टीम में किसी प्रकार का विवाद नहीं है और इस प्रकार की जो भी बातें सामने आ रही है वह निराधार है। इससे पहले एक पोस्ट सोशल मीडिया सामने आई थी जिसमें दावा किया गया था कि कोच हेसन और कप्तान सलमान ने शाहीन अफरीदी के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए इसकी शिकायत पीसीबी से भी की थी पर बोर्ड ने इस मामले को खारिज कर दिया। वहीं अब पीसीबी ने अपनी ओर से सफाई देते हुए कहा कि शाहीन और सलमान व कोचिंग स्टाफ के बीच विवाद की जो भी बातें कही जा रही हैं वे सही नहीं हैं। पीसीबी सोशल मीडिया आ रही इन आधारहीन बातों को खारिज करता है।



# रानी मुखर्जी-विक्रांत की झोली में गिर सकता है नेशनल फिल्म अवॉर्ड

कोविड महामारी के चलते नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में देरी हो रही है। साल 2024 में 2022 में रिलीज होने वाली फिल्मों को पुरस्कार दिए गए थे। अब इस साल उन फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा, जो वर्ष 2023 में रिलीज हुईं। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कब होगी, यह अभी तय नहीं है। मगर, रिपोर्ट्म में दावे किए जा रहे हैं कि इस बार रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के दावेदार हो सकते हैं।

## इन फिल्मों के लिए जीत सकते हैं नेशनल अवॉर्ड


एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले 48 घंटों में 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा हो सकती है। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बार रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी पुरस्कार जीतने के प्रबल दावेदार हैं। यह पुरस्कार रानी को मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए मिल सकता है।

## दोनों के लिए होगी बड़ी उपलब्धि

विक्रांत मैसी ने 12वीं फेल में और रानी मुखर्जी ने फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में शानदार काम किया है। इन फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए उन्हें पहले ही कई अवॉर्ड्स मिल चुके हैं। अब अगर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी उनकी झोली में गिरता है तो यह वाकई एक बड़ी उपलब्धि होगी।

## आधिकारिक एलान का इंतजार

रानी मुखर्जी करीब 25 साल से अधिक वक्त से इंडस्ट्री में हैं। उन्होंने ब्लैक, नो वन किल्ड जेसिका, मर्दानी, हिचकी जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। मगर, अब तक उन्हें कोई राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार नहीं मिला है। अगर उन्हें अब मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलता है, तो यह वाकई उनकी हकदार हैं। 12वीं फेल में विक्रांत ने अपने अभिनय से सबको चौंका दिया। अगर उन्हें इस फिल्म के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिलता है, तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी।






# फातिमा सना शेख ने आर माधवन को बताया पसंदीदा को-स्टार



अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उनकी हालिया रिलीज फिल्म आप जैसा कोई के एक्टर आर माधवन उनके पसंदीदा को-स्टार हैं। माधवन की तारीफ करते हुए फातिमा ने उन्हें सबसे अच्छा इंसान भी बताया। फातिमा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से माधवन के साथ कुछ मजेदार और यादगार पलों की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैडी और फैटीज मेरे सबसे पसंदीदा को-स्टार! फातिमा ने पोस्ट में माधवन को शूटिंग आसान और मजेदार बनाने के लिए धन्यवाद दिया। फातिमा ने लिखा, आपके विनम्र और उदार स्वभाव ने पूरी शूटिंग को आसान और मजेदार बना दिया। फातिमा, माधवन की मां के सांबर मसाला रेसिपी और हर सुबह दी जाने वाली परफेक्ट फिल्टर कॉफी के लिए भी आभार जताती नजर आईं। साथ ही उन्होंने सेट पर अक्सर गुलाब जामुन लाने के लिए भी माधवन को धन्यवाद कहा। आप जैसा कोई रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा है, जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है और इसे करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म में आर. माधवन संस्कृत प्रोफेसर श्रीरेणु त्रिपाठी की भूमिका में हैं, जबकि फातिमा सना शेख एक बिंदास फ्रेंच टीचर मधु बोस के किरदार में हैं। यह फिल्म श्रीरेणु और मधु की प्रेम कहानी को दिखाती है, जो सामाजिक रूढ़ियों के बीच पनपती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आप जैसा कोई के अलावा फातिमा, अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो... इन दिनों में नजर आईं। 4 जुलाई को रिलीज हुई मेट्रो... इन दिनों आधुनिक रिश्तों की मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है। इस फिल्म में फातिमा सना शेख के साथ आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म साल 2007 में आई अनुराग बसु की लाइफ इन ए मेट्रो की सीक्वल है।

# नोरा फतेही और रेवैन्नी फिर एक साथ आएंगे नज़र

स्नेक से दुनिया भर में धूम मचाने के बाद, नोरा फतेही और रेवैन्नी की क्रॉस-कल्चरल जोड़ी धमाकेदार ट्रैक तेतेमा के साथ फिर से वापस आ रहे है। जेसन डेरुलो के साथ स्नेक की ज़बरदस्त ग्लोबल सफलता के बाद, जिसे अब तक 130 मिलियन से ज़्यादा बार देखा जा चुका है। सूत्रों के अनुसार, नोरा फतेही अब एक और बड़ा इंटरनेशनल धमाका करने जा रही हैं। वह टैलेंटेड अफ्रीकी कलाकार रेवैन्नी के साथ तेतेमा में फिर से नजर आएंगी — जो कि एक हाई-ऑक्टेन ग्लोबल फ्यूजन ट्रैक है। यह गाना अफ्रो-बोंगो एनर्जी को बहुभाषीय और क्रॉस-कल्चरल ट्विस्ट के साथ पेश करता है। सूत्रों के अनुसार इस नए रीक्रिएशन का नाम ओ मामा तेतेमा से आ सकता है, जो रेवैन्नी और डायमंड प्लैटनम्ज़ के ओरिजिनल हिट तेतेमा पर आधारित होगा। इस बार नोरा न सिर्फ़ गाने की विज़ुअल हाइलाइट होंगी, बल्कि एक गायिका के रूप में भी नजर आएंगी — जहाँ वह अंग्रेज़ी, स्वाहिली और हिंदी के अनोखे मेल से अपने सिग्नेचर स्वैग और स्पाइस को पेश करेंगी। 2019 की उनकी वायरल इंटरनेशनल हिट ट्रैक पेपेटा के बाद, यह नोरा और रेवैन्नी के साथ एक और बड़ी जोड़ी की वापसी है।




# सिद्धार्थ-जाह्नवी की परम सुंदरी की नई रिलीज डेट का ऐलान

दिनेश विजान के मैडॉक तले बनी फिल्म परम सुंदरी की नई रिलीज डेट अब सामने आ गई है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर स्टारर इस फिल्म को अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म के मेकर्स की तरफ से इस बात की ऑफिशियल जानकारी दी गई है। इससे पहले फिल्म 25 जुलाई को रिलीज की जानी थी। फिल्म का एक मोशन पोस्टर भी सामने आया है जिसमें सिद्धार्थ और जाह्नवी नजर आ रहे हैं।

## फिल्म का गाना परदेसिया हुआ रिलीज

मेकर्स की तरफ से फिल्म का गाना परदेसिया भी रिलीज हो चुका है। इस गाने में सिद्धार्थ और जाह्नवी के बीच जबरदस्त कैमिस्ट्री देखने को मिल रही है। दोनों किरदार प्यार में डूबे हुए हैं और एक दूसरे से अपने प्यार का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं।

## परम सुंदरी की स्टार कास्ट

इन दिनों बॉलीवुड में लवस्टोरी पर बेस्ड फिल्मों का बोलबाला देखने को मिल रहा है। जब से अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा रिलीज हुई है, तभी से ऐसा लग रहा है मानो सिनेमा में प्रेमकहानी पर बनी फिल्मों को नया जीवन मिल गया है। इसी कड़ी में पहले फिल्म धड़क 2 रिलीज होगी, जिसमें सिद्धार्थ चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। फिर महीने के आखिर तक सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की ये फिल्म रिलीज हो जाएगी। 29 अगस्त को सिनेमाघरों में फिल्म परम सुंदरी को रिलीज किया जाएगा।

## कैसी होगी फिल्म की कहानी?

परम सुंदरी में सिद्धार्थ दिल्ली के एक अमीर या कहें बड़े कारोबारी परम का किरदार निभा रहे हैं। उधर जाह्नवी एक ऐसी लड़की (सुंदरी) के किरदार में हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है और पेशे से एक कलाकार है, जो अपनी परंपराओं और उसूलों की पक्की है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे 2 एकदम अलग-अलग मिजाज के लोग एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं। ये फिल्म उनकी प्रेम कहानी पर बेस्ड होगी। इस फिल्म को तुषार जलोटा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो इससे पहले 2022 में आई फिल्म दसवी का निर्देशन कर चुके हैं।

# फेस सर्जरी के आरोपों पर भूमि पेडनेकर ने तोड़ी चुप्पी

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं। हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है।

## लोगों की पसंद पर राय देने वाली मैं कोई नहीं होती

पिछले कई वर्षों से ऐसी अटकलें लगती रही हैं कि भूमि पेडनेकर ने सर्जरी कराई है। हालांकि, खुद भूमि ने ऐसी अटकलों पर हमेशा इनकार ही किया है। अब हाल ही में उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में बात करते भूमि पेडनेकर ने कहा, मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं।

भूमि ने बोटोक्स और सर्जरी को लेकर आगे कहा, मुझे यह भी लगता है कि इस पर बहुत ज्यादा चर्चा हो रही है। अभिनेत्री ने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। भूमि ने बताया कि देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। एक्ट्रेस ने कहा, लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है।



# सलाकार की कहानी ने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया

अभिनेत्री मौनी रॉय की आगामी जासूसी थ्रिलर फिल्म सलाकार रिलीज होने के लिए तैयार है। अभिनेत्री ने फिल्म में अपने अनुभव को साझा किया है। अभिनेत्री ने कहा, इसमें काम करके मुझे बहुत खुशी हुई। यह मेरे लिए अभी तक का सबसे अलग हटकर या खास तरह का किरदार है। इसकी कहानी ने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया। अभिनेत्री ने टीम की तारीफ करते हुए बताया, सेट पर पूरी टीम का माहौल काफी अच्छा रहता था। हम सब मिलकर काम करते थे। अब मैं दर्शकों के लिए काफी उत्साहित हूं, फिल्म में उन्हें मेरा ऐसा किरदार देखने के लिए मिलेगा जो उन्होंने पहले कभी देखा ही नहीं होगा। बता दें, फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को इसका टीजर रिलीज कर दिया, फिल्म एक भारतीय जासूस की कहानी पर आधारित है। यह फिल्म ऐतिहासिक बैकग्राउंड पर आधारित है और इसमें रहस्य-रोमांच के कई मोड़ देखने को मिलेंगे। इसमें मौनी रॉय के साथ मुकेश ऋषि, कस्तूरिया और सूर्या शर्मा भी हैं। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह कहानी एक ऐसे जासूस की कहानी है, जो अपनी खुफिया जानकारी से देश की सुरक्षा के लिए खतरा बने दुश्मनों को सफलतापूर्वक मार देता है और पाकिस्तान में गुप्त तरीके से परमाणु ठिकानों के अस्तित्व का पता लगाता है। निर्देशक और सह-लेखक, फारुक कबीर ने कहा, सलाकार एक जासूसी थ्रिलर की कहानी है। जो एक्शन के लिए नहीं, बल्कि खुफिया जानकारी और बलिदान के लिए बनी है।





# पहचान बनाने के बाद भी लोग काम नहीं, शादी की बात करते हैं....

**बॉलीवुड में अपनी फिल्मी पारी शुरू करने वाली श्रुति हासन साउथ की सबसे ज्यादा फीस पाने वाली हीरोइनों में गिनी जाती हैं। अपने सुपरस्टार पिता की छाया से निकलने में श्रुति को वक्त तो लगा, हालांकि, उन्होंने अपनी जमीन पुख्ता कर ली। इन दिनों वह रजनीकांत स्टारर कुली के कारण चर्चा में हैं। बातचीत में उन्होंने महिला मुद्दों, शादी, पिता कमल हासन, माता-पिता के अलगाव जैसे कई मुद्दों पर दो टूक बात की।**

**आप फिल्मी घराने से ताल्लुक रखने वाली एक मजबूत आत्मनिर्भर लड़की हैं, आपको लड़कियों को लेकर सबसे ज्यादा क्या बात परेशान करती है?**

श्रुति हासन- लड़कियों को लेकर किया जाने वाला डबल स्टैंडर्ड मुझे बहुत परेशान करता है। मर्द अगर कोई चीज करें, तो उन्हें शाबाशी मिलती है, मगर लड़कियां करें, तो उन पर उंगली उठाई जाती है। अगर एक मर्द असर्टिव होता है, तो उसे दृढ़ इच्छाशक्ति वाला कहा जाता है, मगर यदि कोई लड़की इस तरह से अपनी बात रखे, तो उसे घमंडी कहा जाता है और बोला जाता है कि उसे लड़कियों की तरह बात करनी चाहिए। मुझे बहुत आपत्ति होती है, जब लड़कियों को आसानी से जज किया जाता है। बराबरी का दर्जा नहीं मिलता।

**आज काफी चीजें बदल गई हैं, मगर क्या आपको लगता है कि एक्ट्रेस होने के नाते रोल्स हों या पे पैरिटी, असमानता घटी है?**

बीते सालों में ये भेदभाव कम हुआ है, मगर अभी भी उतना नहीं घटा, जितनी हमने अपेक्षा की थी। आज सोशल मीडिया पर भी बहुत कुछ होता है। मैं कमेंट्स पढ़ती रहती हूं, अरे कितने दिन काम करोगी, शादी कर लो। एक हीरोइन को लेकर इस तरह के कमेंट्स सुनने को मिलते हैं, मगर हीरो को कोई ये नहीं कहता। प्रभास और सलमान खान को ये बात कोई नहीं कहता कि बहुत हुआ काम अब शादी कर लो। तो अब भी ये फीमेल-मेल पर्सपेटिव है। मैं मानती हूं कि पे पैरिटी घटी है, अभिनेत्रियों को दमदार भूमिकाएं मिल रही हैं, मगर यदि इस मानसिकता में बदलाव नहीं आता, तो क्या फायदा?

**तो क्या आप भी शादी करने का दबाव महसूस करती हैं?**

बिल्कुल। मुझे जब लगातार इंटरव्यू में पूछा जाने लगा कि मैं शादी कब करूंगी, तो मैंने कह दिया कि मैं शादी में बिलीव नहीं करती। मुझे लगा था, मैंने एक बार इस मुद्दे पर कहा, तो वो छोड़ देंगे, मगर हर बार घूम फिरकर मेरी शादी पर बात आ जाती है। मैंने इतना काम किया है। खुद को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। मैं तरह -तरह की चीजें करती हूं, मगर मुझे एक ही नजरिए से देखा जाता है और ये सिर्फ मेरी अपनी बात नहीं है, ये हम सभी लड़कियों के साथ है।

**अतीत में पलटकर देखने पर आपको ऐसा लगता है कि आपके माता-पिता (सारिका-कमल हासन) के बीच अगर अलगाव न हुआ होता, तो आपके जीवन में चीजें कुछ अलग होती?**

निश्चित रूप से सोचती हूं, क्योंकि मैं थेरेपी के क्षेत्र में भी काम करती हूं। मैं साइकोलॉजी में भी रुचि रखती हूं। मैं बिल्कुल सोचती हूं कि वो साथ रहते, तो कुछ अलग हो सकता था। मगर फिर ये चीजें हमारे हाथ में नहीं हैं। मेरा कहना यही है कि उस बात को हम बदल नहीं सकते। मुझे विक्टम मेंटेलिटी जरा भी पसंद नहीं है। मैं मानती हूं कि हर किसी की कहानी में एक हादसा होता है। हर किसी के पास एक दुखभरी कहानी होती है। पर मैं उस अगर या मगर में यकीन नहीं करती। जो हुआ, सो हुआ, अब मैं उसे कैसे हैंडल करूं, मेरा फोकस उस पर होता है।

**आप भी एक लंबा करियर जी चुकी हैं, आपको कब लगा कि आप कमल हसन जैसे बड़े मेगा स्टार की छाया से निकल चुकी हैं?**

आज ही क्यों, मुझे तो शुरू से ही लगता है कि मैंने अपनी अलग चीजें करने की कोशिश की है। मैं हमेशा मानती हूं कि हासन सरनेम के कारण मेरे लिए दरवाजे खुले। मगर ये भी सच है कि मेरे माता-पिता (कमल हासन और सारिका) ने फोन उठाकर मेरे करियर के लिए कभी फेवर नहीं मांगा। मैं जब से काम कर रही हूं, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हूं, तो जब आपको खुद के बिल भरने पड़ें, मीटिंग्जस लेनी पड़ें, तब वो छाया खुद-ब-खुद घटने लगती है। आज भी जब पत्रकार इंटरव्यू में पापा की बातें करते हैं, तो लगता है कि वो शेडो नहीं घटा है, पर आज मैं उसे छाया नहीं एक रोशनी की तरह देखती हूं।

**आपने अब तक साउथ के विजय, प्रभास, पवन कल्याण जैसे कई बड़े स्टार्स के साथ काम किया है, मगर कुली में रजनीकांत जैसे सुपरस्टार संग काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

सबसे पहले तो मैं आपको बता दूं कि रजनी सर (रजनीकांत) मेरे पापा (कमल हासन) के कंटेम्परररी हैं, तो वो कनेक्शन था, जो सेट पर काफी काम आया। उनसे सीखने को काफी मिला। वह सेट पर एक कमाल का माहौल बनाए रखते हैं। वह सेट पर एक सकारात्मक माहौल लेकर आते हैं। वह अपनी एनर्जी से सब कुछ बदल देते हैं। इसमें मेरा प्रीति का किरदार भी ऐसा है, जिससे महिलाएं खुद को जोड़ पाएंगी।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।